RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-318 | जयपुर, शनिवार, 16 मई 2026 | मूल्य-4 रूपये

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने धार भोजशाला मामले में सुनाया ऐतिहासिक फैसला

## धार भोजशाला को माना वाग्देवी मंदिर

### मुस्लिमों को नमाज के अधिकार का एएसआई का आदेश खारिज

इंदौर/धार

भोजशाला मंदिर-कमाल मौला मस्जिद विवाद मामले में हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। हिंदू पक्ष के वकील के अनुसार अदालत ने भोजशाला परिसर को हिंदू मंदिर माना है।

कोर्ट ने जैन समाज और मुस्लिम पक्ष की याचिकाओं को खारिज कर दिया है। यह निर्णय भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है, जिस पर अदालत ने भरोसा जताया है। भोजशाला मामले में अदालत के फैसले ने परिसर को देवी वाग्देवी के मंदिर के रूप में मान्यता दी है। धार में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं।

इससे पहले भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने कोर्ट में 2100 पन्नों की विस्तृत रिपोर्ट पेश की थी। कोर्ट ने इस रिपोर्ट को महत्वपूर्ण माना, जबकि मुस्लिम पक्ष ने इसे गलत बताया था। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुनाया।

98 दिनों तक चले सर्वे के बाद तैयार रिपोर्ट में कई अहम बातें सामने आईं। रिपोर्ट में बताया गया कि खुदाई के दौरान मूर्तियां, सिक्के और कई ऐतिहासिक अवशेष मिले हैं। इसमें यह भी कहा गया कि परमारकालीन भवन की नींव के पत्थरों पर बाद में निर्माण किया गया। साथ ही सर्वे में मिले स्तंभों और वास्तुकला से संकेत मिलता है कि ये पहले मंदिर का हिस्सा रहे होंगे, जिन्हें बाद में मस्जिद निर्माण में इस्तेमाल किया गया।





### 1200 पुलिसकर्मी तैनात

*अदालत के इस फैसले के बाद धार जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। पूरे शहर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। एसटीएफ समेत करीब 1200 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं और चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं।*

रिपोर्ट के अनुसार परिसर में चारों दिशाओं में 106 खड़े और 82 आड़े स्तंभ मिले, यानी कुल 188 स्तंभ पाए गए। इन स्तंभों की बनावट से यह संकेत मिलता है कि वे मूल रूप से मंदिर स्थापत्य का हिस्सा थे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि इन स्तंभों पर बनी देवी-देवताओं और मानव आकृतियों को बाद में औजारों से नुकसान पहुंचाया गया था।

एडवोकेट विष्णु शंकर जैन ने कहा, 'भोजशाला केस में इंदौर हाई कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला आया है। कोर्ट ने भोजशाला परिसर को एक हिंदू मंदिर माना है। कोर्ट ने हिंदुओं को वहां पूजा करने का अधिकार भी दिया है। कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को कहा है कि वे अपना एक प्रत्यावेदन सरकार को दें। सरकार इस पर विचार करेगी कि उन्हें धार में एक वैकल्पिक भूमि दी जाए।

### सुप्रीम कोर्ट जाएगा मुस्लिम पक्ष

*भोजशाला के फैसले पर धार शहर काजी वकार सादिक ने कहा है कि उच्च न्यायालय के फैसले का सम्मान है। उनकी ओर से सलमान खुर्शीद और शोभा मेनन ने तथ्य रखे थे। हम फैसले की समीक्षा करेंगे। इसके बाद हम उच्चतम न्यायालय जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की रिपोर्ट की भी समीक्षा की जाएगी। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि अदालत ने रिपोर्ट के किन हिस्सों को स्वीकार किया है और किन्हें नहीं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि राम जन्मभूमि मामले में भी उच्चतम न्यायालय ने एएसआई रिपोर्ट को पूरी तरह आधार नहीं बनाया था।*

### 2022 में दायर हुई थी याचिका

यह मामला 2022 में शुरू हुआ, जब रंजना अग्निहोत्री और अन्य ने हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर भोजशाला का धार्मिक स्वरूप तय करने और हिंदू समाज को पूर्ण अधिकार देने की मांग की।

याचिका में नियमित पूजा-अर्चना का अधिकार, परिसर में नमाज पर रोक, ट्रस्ट गठन और ब्रिटिश म्यूजियम में रखी मां वाग्देवी की प्रतिमा वापस लाने जैसी मांगें शामिल हैं।

### एएसआई ने किया था 98 दिन का वैज्ञानिक सर्वे

2024 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने भोजशाला परिसर का 98 दिन तक वैज्ञानिक सर्वे किया था। इसके बाद 23 जनवरी 2026 को वसंत पंचमी पर सुप्रीम कोर्ट ने दिनभर निर्बाध पूजा-अर्चना की अनुमति दी। हाईकोर्ट में 6 अप्रैल से नियमित सुनवाई शुरू हुई, जो 12 मई तक चली।

## अगले साल से ऑनलाइन होगी नीट इस साल रद्द हुई परीक्षा 21 जून को

नई दिल्ली

अगले सत्र से नीट-यूजी परीक्षा ऑनलाइन होगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया। उन्होंने माना कि 3 मई को हुई नीट यूजी-2026 की परीक्षा के पेपर लीक हुए थे।

उन्होंने कहा, 'हम नहीं चाहते थे कि कोई गलत कैंडिडेट सिलेक्ट हो जाए। इसलिए हमने बड़ी जिम्मेदारी से परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया। अब यह परीक्षा रविवार 21 जून को होगी। 7 मई को गड़बड़ी का पता चला था। एनटीए ने सरकार को बताया। फिर 12 मई को रीएग्जाम का फैसला लिया गया।'

शिक्षा मंत्री ने कहा, 'रीएग्जाम में छात्रों को 15 मिनट का एक्स्ट्रा टाइम मिलेगा। छात्र रीएग्जाम में अपनी पसंद का सेंटर चुन पाएंगे।' इससे पहले 3 मई को यह एग्जाम देश के 551 और विदेशों के 14 शहरों में हुई था। इसके लिए 5400 से ज्यादा एग्जाम सेंटर्स बनाए गए थे।



### छात्रों के आने-जाने के लिए राज्यों से बात करूंगा

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, कि हमें सुधारों के लिए कई सुझाव मिले हैं। हम इस पर काम कर रहे हैं। NTA का गठन सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार हुआ था। इसके अलावा मैं उम्मीदवारों के परिवहन को सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों से बात करूंगा।

### नीट पेपर लीक में पुणे का केमेस्ट्री प्रोफेसर अरेस्ट

*नीट यूजी पेपर लीक मामले में शुक्रवार को 8वीं गिरफ्तारी हुई। पुणे से केमेस्ट्री प्रोफेसर पीवी कुलकर्णी आरोप है कि उन्होंने परीक्षा से पहले स्टूडेंट्स को सवाल और उनके सही जवाब बता दिए थे। सीबीआई कुलकर्णी को ही लीक मामले का मास्टरमाइंड बता रही है। जांच एजेंसी के मुताबिक कुलकर्णी लातूर का रहने वाला हैं। केमिस्ट्री का डोमेन एक्सपर्ट हैं। कई सालों तक NEET पेपर तैयार करने वाले पैनल का हिस्सा भी रहा हैं। कुलकर्णी को पेपर तक सीधी पहुंच थी। वह पुणे में अपने घर पर कोचिंग क्लास चलाता था। जहां वो पहले ही NEET पेपर में आने वाले सवालों का जवाब कैंडिडेट्स को बता देता था।*

## पेट्रोल-डीजल पर 3-3 रूपए बढ़े, राजस्थान में पेट्रोल 109 रुपए लीटर से भी महंगा

जयपुर

पेट्रोल और डीजल 3-3 रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया है। दिल्ली में अब पेट्रोल 97.77 रुपए प्रति लीटर में मिलेगा। डीजल की कीमत 90.67 रुपए प्रति लीटर हो गई है। नए दाम आज 15 मई से लागू हो गए हैं। करीब 2 साल बाद दामों में ये बढ़ोतरी की गई है। वहीं कंपनियों को अभी भी पेट्रोल-डीजल पर 25-30 रूपए प्रति लीटर का घाटा हो रहा है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों के साथ प्रमुख शहरों में छ्हल भी 2 रुपए प्रति किलो तक महंगी हो गई हैं।



पेट्रोलियम कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की रेट में बढ़ोतरी कर दी है। शुक्रवार से ही नई रेट लागू हो गई है। रेट बढ़ने के बाद राजधानी में जयपुर में पेट्रोल अब 107.97 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

वहीं, श्रीगंगानगर, बीकानेर और सवाई माधोपुर में पेट्रोल की नई कीमत 109.46 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गई है। संभवतः ये राजस्थान में सबसे ज्यादा है। यहां डीजल भी अब 94.74 लीटर का हो गया है।

इसके साथ ही प्रीमियर पेट्रोल के दाम भी बढ़ाए गए हैं। इसमें 3.25 रुपए का इजाफा किया गया है। इससे पहले 20 मार्च को प्रीमियम पेट्रोल के दाम बढ़ाए गए थे। तब 2 रुपए 16 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी।

## अमृतसर एयरपोर्ट पर 2.58 करोड़ का सोना पकड़ा, यात्री गिरफ्तार

अमृतसर (एजेंसी)।

श्री गुरु रामदासजी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने यात्री से 2.58 करोड़ रुपये कीमत का सोना बरामद किया है। यात्री मलेशिया एयरलाइंस की फ्लाइट एमएच-119 से अमृतसर से कुआलालंपुर जा रहा था।

कस्टम अधिकारियों को यात्री की गतिविधियों पर संदेह हुआ, जिसके बाद उसे रोका गया। अधिकारियों ने उसकी गहन जांच की, जिसमें यात्री के पास से 1,676 ग्राम 24 कैरेट सोना बरामद किया गया। यह सोना कड़ा और गोल्ड बिस्किट के रूप में छिपाकर रखा गया था।

## भारत में 5 अरब डॉलर का निवेश करेगा यूएई

### रक्षा, ऊर्जा और गैस सप्लाई पर हुए कई अहम समझौते

दुबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई दौरे पर पहुंचे हैं। अबूधाबी पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक यूएई एयरफोर्स के स्न-16 फाइटर जेट्स ने प्रधानमंत्री के विमान को एस्कॉर्ट किया।

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। दोनों देशों के बीच LPG सप्लाई को लेकर अहम समझौता हुआ। इसके अलावा स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व, रक्षा सहयोग और वडिनार में शिप रिपेयर क्लस्टर से जुड़े स्न्ध भी साइन किए गए।



यूएई ने भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर, RBL बैंक और सम्मान कैपिटल में 5 अरब डॉलर निवेश का ऐलान भी किया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक दोनों नेताओं ने ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार, निवेश और वेस्ट एशिया के हालात पर चर्चा की।

### मोदी बोले- भारत-यूएई की दोस्ती बेहद मजबूत

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर पोस्ट कर भारत-यूएई रिश्तों को मजबूत और भरोसेमंद बताया। उन्होंने कहा, 'भारत और यूएई की दोस्ती बहुत मजबूत है। मोदी ने कहा कि दोनों देश बेहतर भविष्य के निर्माण के लक्ष्य के साथ मिलकर काम करते रहेंगे।

मोदी ने कहा कि जनवरी में,श्च राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान रिश्तों को और मजबूत करने पर सहमति बनी थी। उन्होंने कहा कि कम समय में दोनों देशों ने सभी क्षेत्रों में तेज प्रगति की है।

## दो पक्षों के विवाद में महिला को लाठी से पीटा, बाल पकड़कर घसीटा

### मारपीट से महिला और लड़की घायल

बाड़मेर

बाड़मेर के शिव थाना इलाके में खेत में बिजली का पोल लगाने की बात को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए। विवाद इतना बढ़ गया कि एक महिला को लाठियों से पीटा और बाल पकड़कर जमीन पर घसीटा गया। मारपीट से महिला और एक लड़की घायल हो गई, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दरअसल, महिला के परिवार और उसके रिश्तेदारों ने संयुक्त रूप से जमीन खरीद रखी थी, लेकिन अब तक बंटवारा नहीं हुआ था। इस जमीन पर बिजली कनेक्शन के लिए दूसरे पक्ष के लोग गड्ढे खोदकर लाइट पोल लगाने का काम कर रहे थे। इस दौरान दोनों पक्षों में हाथापाई हो गई। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। एक पक्ष के लोग शुक्रवार शाम करीब 5 बजे जमीन पर बिजली के पोल लगाने के लिए गड्ढे खोद रहे थे। महिला ने पोल लगाने का विरोध किया और दूसरे पक्ष के लोगों से कहा- 1 घंटे रुक जाओ और पुलिस को आने दो।

## मानसून 26 मई को केरलम पहुंचेगा

नई दिल्ली

मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि मानसून केरलम में 26 मई को दस्तक दे सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरल पहुंचता है, फिर देश के दूसरे हिस्सों को कवर करने के लिए उत्तर की ओर बढ़ता है। पिछले साल मानसून 24 मई को आया था।

2025 में सामान्य से 8% ज्यादा बारिश हुई थी। 30 सितंबर 2025 को मौसम विभाग ने बताया था कि पूरे देश में सामान्य से 8 प्रतिशत अधिक बारिश (937.2 मिमी) दर्ज की गई। IMD चीफ मृत्युंजय महापात्रा ने इसे बहुत सफल सीजन बताया था।



### आधे से ज्यादा देश में हीटवेव

उधर देश का आधे से ज्यादा हिस्सा हीटवेव की चपेट में है। महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कई शहरों में गुरुवार को तापमान 40 डिग्री के पार दर्ज किया गया। महाराष्ट्र का अकोला 45.9 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा। जलगांव, वर्धा और अमरावती में भी पारा 45 डिग्री के ऊपर दर्ज हुआ।

राजस्थान के फलोदी में तापमान 45.2 डिग्री, जैसलमेर और बाड़मेर में 45.1 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। श्रीगंगानगर में 44.8 डिग्री और जोधपुर में 44 डिग्री पारा रहा। जयपुर, बीकानेर और नागौर में दिनभर हीटवेव जैसे हालात रहने के बाद शाम को बारिश हुई। इससे गर्मी से थोड़ी राहत मिली।

निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट वेदर के मुताबिक, इस साल मानसून की बारिश सामान्य से 6% कम रह सकती है। जून से सितंबर तक मानसून के 4 महीनों में देश में बारिश का सामान्य औसत 868.6 मिलीमीटर है। सामान्य से कम मानसून का मतलब है कि बारिश 90% से 95% के बीच रहेगी।

## ट्रक में घुसी कार,2 सरकारी कर्मचारियों समेत 3 की मौत

उदयपुर

उदयपुर जिले में तेज रफ्तार कार ट्रक में घुस गई। हादसे में दो सरकारी कर्मचारी समेत 3 लोगों की मौत हो गई। कार सवार वीडीओ उदयपुर में एसीआर भरवाने आए थे। लौटते समय उदयपुर के देबारी से चित्तौड़गढ़ की तरफ टर्न लेना था, लेकिन वे रास्ता भूल गए और पिंडवाड़ा हाईवे पकड़ लिया। कुछ दूर चलते ही एक्सीडेंट हो गया।

हादसा उदयपुर-पिंडवाड़ा नेशनल हाइवे पर अंबेरी पुलिया पर गुरुवार रात करीब सवा दस बजे हुआ। हादसे में झालावाड़ कोतवाली थाना क्षेत्र के पंचमुखी हनुमान मार्ग निवासी राधेश्याम (58), वार्ड 14 मंगलपुरा निवासी कमल किशोर (60) और बारां जिले के छीपाबड़ौद के गुल खेड़ी निवासी हेमराज (54) की मौत हो गई। झालरापाटन पंचायत समिति में वीडीओ राधेश्याम और रिटायर्ड वीडीओ कमल किशोर झालावाड़ से अपनी एसीआर भरवाने उदयपुर की सराड़ा पंचायत समिति में बीडीओ जितेंद्र सिंह के पास आए थे। लौटते समय सलूंबर जिले के सराड़ा पंचायत समिति में सहायक कर्मचारी हेमराज उनसे मिला।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के पहले सेमीकंडक्टर क्लस्टर का किया उद्घाटन

## राजस्थान में निवेश को मिल रहा निरन्तर प्रोत्साहन: मुख्यमंत्री

### रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम और यमुना जल समझौते का तेजी से क्रियान्वयन जारी

जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए हर क्षेत्र में प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। गत दो वर्षों से अधिक समय में 35 नीतियों को लागू कर राज्य सरकार ने अनुकूल औद्योगिक वातावरण का निर्माण किया है, जो कि विकसित भारत-विकसित राजस्थानञ्च2047 की ओर महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि राजस्थान को ऊर्जा क्षेत्र में सिरमौर बनाने के क्रम में पवन और सौर ऊर्जा सहित अक्षय ऊर्जा की दिशा में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है।



मुख्यमंत्री शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर वीसी के माध्यम से भिवाड़ी में एल्सीना इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स, 34 एमएलडी एसटीपी एवं खैरथल-तिजारा जिले के विभिन्न विकास कार्यों सहित अन्य परियोजनाओं के शिलान्यास-लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश को रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) द्वारा हरियाणा के रास्ते दिल्ली से जोड़ने की परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। वहीं, यमुना जल समझौते के तीव्र क्रियान्वयन के साथ ही, सरकार अलवर के निकट बांदीकुई में एक बड़े इण्डस्ट्रीयल एरिया की स्थापना भी करने जा रही है। उन्होंने भिवाड़ी में सेमीकंडक्टर क्लस्टर का जिक्र करते हुए इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने ग्राम और वार्ड के सुनियोजित विकास के लिए विकसित ग्राम-वार्ड अभियान की दूरगामी पहल की है। इसके अन्तर्गत राज्य सरकार सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरण और आवश्यकताओं को समाहित करते हुए गांवों के विकास का ब्लू प्रिंट तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ग्रामीण युवाओं की सुविधाओं के दृष्टिगत पंचायत स्तर पर अटल ज्ञान केन्द्र खोलने का अहम निर्णय भी किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन आंकांक्षाओं के अनुरूप राज्य सरकार ने बिजली-पानी की आवश्यकता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इसी क्रम में, रामजल सेतु लिंक परियोजना, आईजीएनपी एवं गंगनहर का सुदृढ़ीकरण, माही, देवास एवं सोम-कमला-अंबा परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। वहीं, 24 जिलों में किसानों को दिन के समय में बिजली आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 4 लाख भर्तियों को संकल्प को पूरा करने की दिशा में सवा लाख से अधिक युवाओं को नौकरी देने के साथ ही, सवा लाख पदों के लिए भर्ती कैलेंडर जारी किया है। वहीं, 1 लाख 35 हजार से अधिक नियुक्तियां प्रक्रियाधीन हैं।

केन्द्रीय रेल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सेमीकंडक्टर्स एक महत्वपूर्ण इंडस्ट्री है। आज भारत में 12 सेमीकंडक्टर प्लांट हो गये हैं और विभिन्न उपकरणों की चिप्स का निर्माण हो रहा है। राजस्थान का नाम भी इस इंडस्ट्री से जुड़ गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इलेक्ट्रोनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में देश ने गत 12 वर्षों में बड़ी छलांग लगाई है। आज भारत में 6 गुना वृद्धि के साथ इलेक्ट्रोनिक्स मैन्युफैक्चरिंग 13 लाख करोड़ रूपये पहुंच गई है। वहीं, मोबाईल भारत से निर्यात होने वाली पहली नम्बर की कमोडिटी बन गई है।

## एमबीएस हॉस्पिटल में 2 मरीजों की मौत पर हंगामा

### परिजनों ने वार्ड में की तोड़फोड़, रेजिडेंट से मारपीट

आपका साक्षी । कोटा

कोटा के एमबीएस हॉस्पिटल में दो मरीजों की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए मरीज की मौत से गुस्सा होकर वार्ड में तोड़फोड़ की।

मौके पर मौजूद रेजिडेंट डॉक्टर से मारपीट की। रेजिडेंट डॉक्टर के कपड़े फाड़ दिए। उसके बाद परिजन स्ट्रेचर पर शव लेकर हॉस्पिटल के बाहर चले गए। सड़क पर धरने पर बैठ गए। हॉस्पिटल में भर्ती टोंक जिला निवासी मरीज किशन और बूंदी जिले निवासी मरीज मदन लाल की इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। इस पर परिजनों ने तोड़फोड़ करते हुए हंगामा किया।

### पुलिस ने समझाया

सूचना पर एडीएम सिटी और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। परिजनों से समझाइश की। शव को एमबीएस हॉस्पिटल की मॉर्चुरी में शिफ्ट करवाया गया है। बताया जा रहा है हॉस्पिटल में भर्ती टोंक जिला निवासी मरीज किशन और बूंदी जिले निवासी मरीज मदन लाल की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। किशन को टिटनेस की प्रॉब्लम थी, जबकि मदन को गैस की प्रॉब्लम थी।

# अदालत पहुंची ममता बोलीं- हिंसा में बच्चों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों को नहीं बख्शा

## -कोर्ट रूम से बाहर ममता की मौजदूगी में लगे चोर-चोर के नारे

**कोलकाता (एजेंसी)।** पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में वकील के रूप में अपनी पहली उपस्थिति दी। उन्होंने विधानसभा चुनाव के बाद बंगाल में हुई हिंसा से संबंधित मामले में न्यायमूर्ति के समक्ष अपनी दलीलें पेश कीं। ममता बनर्जी ने कलकत्ता हाईकोर्ट को 10 मृतकों की सूची सौंपी, जिसमें से छह के हिंदू होने का दावा है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाकर कहा कि पुलिस की मौजूदगी में घरों और कार्यालयों को लूटा जा रहा था, लेकिन इन मामलों में प्राथमिकी तक दर्ज नहीं हुई। उन्होंने एक 92 वर्षीय अनुसूचित जाति की विधवा और उसके परिवार को घर से बेदखल करने का मुद्दा भी उठाया। कलकत्ता हाईकोर्ट में तस्वीरें दिखाते हुए ममता बनर्जी अत्यंत भावुक हो गईं और बताया कि हिंसा में बच्चों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों तक को नहीं बख्शा गया। उन्होंने



खुलासा किया कि उनके अपने परिवार की 12 साल की बच्चियों को बलात्कार की धमकियां दी गई हैं। उन्होंने कलकत्ता हाईकोर्ट से तत्काल बंगाल के लोगों को सुरक्षा प्रदान करने की गुहार लगाई, क्योंकि अपराधी कानून को अपने हाथ में ले रहे हैं।

अपनी दलीलों के दौरान, ममता ने राज्य प्रशासन और पुलिस की निष्क्रियता पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पुलिस के सामने दुकानें और घर तोड़े जा रहे हैं, और मछली बाजारों को भी निशाना बनाया गया था। उन्होंने विनम्र निवेदन किया कि बंगाल के लोगों की रक्षा की जाए। फरार पार्टी कार्यकर्ताओं का विवरण देकर उन्होंने कहा कि बंगाल कोई ऐसा राज्य नहीं है, जहां बुलडोजर चलाया जा सके। हम लोगों ने प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में तोड़फोड़ की गई दुकानों और घरों का विवरण दिया है। पूर्व सीएम ममता ने कहा कि अनाधिकृत संरचना को ध्वस्त करते वक्त भी व्यक्तियों को अपनी बात रखने का अधिकार है। उन्होंने सवाल उठाया कि अपराधी कानून को अपने हाथ में ले रहे हैं, तब पुलिस को अपराध रोकना चाहिए, न कि घटना घटने के बाद जांच करनी चाहिए? उन्होंने कहा कि पुलिस का कोई अस्तित्व ही नहीं है।

दरअसल, हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के बाद पूरे राज्य में हिंसा की खबरें सामने आई थीं, जिसके बाद टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी के बेटे शीर्षान्य बंदोपाध्याय ने कलकत्ता हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। इस याचिका में पार्टी कार्यालयों, कार्यकर्ताओं पर हमलों और उनके विस्थापन का आरोप लगाया गया है। ममता ने मुख्य न्यायाधीश एचसी सुजॉय पॉल की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच के समक्ष अपनी दलीलें पेश कीं।

वहीं, जैसे ही ममता अपनी दलीलें पूरी कर कोर्ट रूम से बाहर निकलीं, वहां मौजूद लोगों ने उनके खिलाफ चोर-चोर के नारे लगाने शुरू कर दिए, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। इन सबके बावजूद ममता बनर्जी ने अपनी कानूनी लड़ाई जारी रखने और बंगाल के लोगों के हक में खड़े रहने का संकल्प लिया।

## राहुल गांधी की विदेश यात्राओं के खर्च पर बीजेपी के सवाल- संबित पात्रा ने कहा- आय से अधिक खर्च किया



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की विदेश यात्राओं को लेकर बड़ा राजनीतिक हमला बोला है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने गुरुवार को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी की घोषित आय और विदेश दौरों पर हुए कथित खर्च के बीच अंतर को लेकर कई सवाल उठाए। संबित पात्रा ने दावा किया कि वर्ष 2004 से 2026 के बीच राहुल गांधी ने 54 निजी विदेश यात्राएं की हैं, जिन पर लगभग 60 करोड़ रुपये खर्च हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दौरों में किसी भी सरकारी या संसदीय यात्रा को शामिल नहीं किया गया है और यह पूरी तरह निजी यात्राएं थीं। भाजपा नेता ने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि राहुल गांधी की घोषित आय लगभग 11 करोड़ रुपये है, तो फिर विदेश यात्राओं पर कथित रूप से 60 करोड़ रुपये कैसे खर्च किए गए। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से इन यात्राओं के वित्तीय स्रोतों को सार्वजनिक करने की मांग की। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संबित पात्रा ने कहा कि देश को यह जानने का अधिकार है कि विपक्ष के प्रमुख नेता की विदेश यात्राओं का खर्च कौन उठा रहा है। भाजपा ने इसे पारदर्शिता और जवाबदेही से जुड़ा मुद्दा बताते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा।

## नीट पेपर लीक :पीलीभीत में एनएसयूआई का जोरदार प्रदर्शन, प्रधान का पुतला दहन

लखीमपुर खीरी (एजेंसी)। यूपी के लखीमपुर खीरी के नौरंगाबाद स्थित गंगोत्री नगर में नीट अभ्यर्थी रितिक मिश्रा का शव बृहस्पतिवार को कमरे में फंदे से लटका मिला। मूल रूप से धौरहरा क्षेत्र के कटौली गांव निवासी रितिक हाल ही में कानपुर में राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट) देकर लौटा था। परिजनों के अनुसार नीट पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने के बाद से रितिक मानसिक तनाव में था। मृतक के पिता अनूप मिश्रा ने बताया कि रितिक ने तीसरी बार परीक्षा दी थी। इससे पहले उसके कम नंबर आए थे। इस बार उसे उम्मीद थी कि वह नीट क्लीयर कर लेगा, लेकिन पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने से वह दुखी हो गया। परिजन उसे लगातार समझ रहे थे, लेकिन उसने किसी वक्त आत्मघाती कदम उठा लिया। छात्र की मौत से माता-पिता रो-रोकर बेहाल हैं। पड़ोसी भी घटना से स्तब्ध हैं। उन्होंने बताया कि रितिक पढ़ने में बहुत होशियार था। वह ऐसा कदम उठा लेगा, यह किसी ने नहीं सोचा। घटना के लोग नीट कराने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को कोसते दिखे। वहीं छात्र की मौत होने की सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## लाल किला विस्फोट केस : एनआईए ने 10 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आज लाल किला इलाके में कार बम विस्फोट मामले में 10 आरोपियों के खिलाफ 7,500 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया है। पिछले वर्ष 10 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी को दहला देने वाले इस उच्च तीव्रता के विस्फोट में 11 लोगों की मौत थी, कई लोग घायल हुए थे और बड़े पैमाने पर संपत्ति को नुकसान पहुंचा था। एनआईए के अनुसार, मुख्य आरोपी डॉ. उमर उन नबी (मृत) समेत सभी 10 आरोपी अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े थे, जो भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा (एक्यूआईएस) का एक सहयोगी संगठन है। आरोपपत्र यहां पटियाला हाउस कोर्ट स्थित एनआईए की विशेष अदालत में दाखिल किया गया। गृह मंत्रालय ने जून 2018 में एक्यूआईएस और उससे जुड़े सभी संगठनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया था।

## पवन खेड़ा गुवाहाटी पहुंचे, पुलिस के सामने पेशी

गुवाहाटी (एजेंसी)। कांग्रेस नेता और प्रवक्ता पवन खेड़ा असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी से जुड़े आरोपों के मामले में गुवाहाटी क्राइम ब्रांच पुलिस स्टेशन पहुंचे। सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिलने के बाद खेड़ा ने कहा कि वह जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं। यह मामला मुख्यमंत्री की पत्नी रिनिकी भुयान सरमा पर खेड़ा द्वारा लगाए गए पासपोर्ट विवाद के आरोपों से जुड़ा है, इसके तहत खेड़ा को पुलिस के सामने पेश होना पड़ा। यह विवाद अप्रैल में तब शुरू हुआ जब कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने आरोप लगाया था कि रिनिकी सरमा के पास भारत, संयुक्त अरब अमीरात और मिस्र के तीन पासपोर्ट हैं। खेड़ा ने दुबई में उनकी कुछ अज्ञात संपत्तियों और अमेरिका के व्योमिंग में एक कंपनी होने का दावा किया था। हालांकि, सरमा परिवार ने इन दावों को पुरजोर खंडन कर इन्हें पाकिस्तानी सोशल मीडिया समूहों द्वारा प्रसारित एआई-निर्मित मनगढ़ंत कहानियाँ बताया था। आरोपों के जवाब में, मुख्यमंत्री सरमा ने पहले ही कड़ी कार्रवाई की कसम खाकर कांग्रेस नेताओं को चेतावनी दी थी। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा था कि आरोप लगाने से पहले उन्हें विदेश मंत्री से पूछना चाहिए था। सीएम सरमा ने सुझाव दिया था कि राहुल गांधी ने खेड़ा को ये फर्जी दस्तावेज दिए और कहा था, हमें डराने की कोशिश मत करो। यह असम है, और हम लोगों ने इस्लामी आक्रमण के खिलाफ 17 बार लड़ाई लड़ी है। मुख्यमंत्री ने दावा भी किया था कि पुलिस के उनके दिल्ली आवास पर जाने के बाद खेड़ा हैदराबाद भाग गए थे। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने खेड़ा को अग्रिम जमानत दी थी, जो सरमा को कथित रूप से बदनाम करने के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करने के आरोपों से संबंधित है।

## पत्नी के कैरेक्टर पर था शक, सोते समय कुल्हाड़ी से वार कर की हत्या

कोटपूतली (एजेंसी)। कोटपूतली बहरोड जिले में पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। इसके बाद शव को घर में बंद कर दिया और फिर खाटू श्याम मंदिर दर्शन करने चला गया। तीन दिन बाद घर से बदबू आने पर पड़ोसियों को शक हुआ तो पुलिस को सूचना दी। आरोपी के गांव लौटते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। यह घटना महतवास गांव की है, जो मांडण थाना क्षेत्र में आता है। मीडिया रिपोर्ट में पुलिस का कहना है कि कपिल सेन ने अपनी पत्नी मोनिका (36) की सोते समय कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। नीमराणा एडिशनल एसपी ने बताया कि 10 मई की सुबह सूचना मिली थी कि महतावास गांव में कपिल सेन के मकान से बदबू आ रही है। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची। घर के अंदर जाकर देखा तो कपिल सेन की पत्नी मोनिका का शव खून से लथपथ हालत में बेड पर पड़ा था। दीवारों और जमीन पर खून के निशान थे। इसके बाद जब पति 12 मई को गांव लौटा तो उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## फिल्म में महिला पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पंजाबी एक्टर फिर विवादों में

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री के अभिनेता योगराज सिंह फिर विवादों में घिर गए हैं। उनके खिलाफ चंडीगढ़ के एसएसपी को एक औपचारिक शिकायत दी गई है। यह शिकायत उनकी वायरल क्लिप में महिला पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही एक महिला को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के संबंध में दर्ज करवाई गई है। फिल्मों में महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक और गलत शब्दावली के इस्तेमाल पर आपत्ति जताई है और कार्रवाई की मांग की है। पुलिस से फिल्म के निर्देशक/निर्माताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एडवोकेट उज्ज्वल भसीन द्वारा दी गई इस शिकायत में योगराज सिंह समेत उक्त कंटेंट के निर्माण, निर्देशन और प्रसारण से जुड़े लोगों के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उक्त टिप्पणी महिलाओं के प्रति अपमानजनक और अभद्र है। आरोप है कि इस दौरान योगराज सिंह द्वारा की गई एक टिप्पणी महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक और अपमानजनक है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि वायरल वीडियो में इस्तेमाल की गई भाषा महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली है।

# बंगाल में पशु वध पर शुभेंदु सरकार सख्त, बकरीद पर संकट के बादल

## अनिवार्य फिटनेस सर्टिफिकेट के बिना पशुबध नहीं



**लखनऊ (एजेंसी)।** कोलकत्ता (ईएमएस)।पश्चिम बंगाल की नई भाजपा सरकार ने पशु वध को लेकर कड़े निर्देश जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली सरकार ने बंगाल पशु वध नियंत्रण अधिनियम, 1950 और 2018 के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देकर एक नोटिस जारी किया है। यह आदेश 26 मई को मनाई जाने वाली ईद उल-अजहा (बकरीद) से ठीक पहले सामने आया है, जिससे राज्य की सियासत गर्मा गई है।

नए नियमों के अनुसार, अब अनिवार्य फिटनेस सर्टिफिकेट के बिना किसी भी मवेशी या भैंस के वध पर पूर्ण प्रतिबंध लागू होगा। यह प्रमाणपत्र नगर पालिका या पंचायत समिति के अध्यक्ष द्वारा सरकारी पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ संयुक्त रूप से दिया जाएगा। दोनों अधिकारियों को लिखित में इस बात पर सहमत होना होगा कि पशु वध के योग्य है। प्रमाणपत्र केवल तभी मिलेगा जब पशु की आयु 14 वर्ष से अधिक हो, या वह वृद्धावस्था, चोट, विकृति या किसी लाइलाज बीमारी के कारण स्थायी रूप से अक्षम हो गया है।

वहीं अधिकारी सरकार ने सार्वजनिक वध पर रोक लगा दी है। पशुओं का वध केवल नगर पालिका की वधशाला या स्थानीय प्रशासन द्वारा निर्दिष्ट वधशाला में ही हो सकता है। बंगाल पशु वध नियंत्रण अधिनियम, 1950 का उल्लंघन गंभीर अपराध माना जाएगा, जिस पर छह महीने तक की जेल, 1,000 रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति को फिटनेस सर्टिफिकेट देने से मना किया जाता है, तब वह इस निर्णय के विरुद्ध 15 दिनों के भीतर राज्य सरकार के पास अपील कर सकता है।

बात दें कि ममता बनर्जी के 15 साल के शासन को समाप्त करने के बाद सत्ता में आई शुभेंदु अधिकारी सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर निर्णयों की झड़ी लगा दी है। हालिया विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 294 सदस्यीय विधानसभा में 206 सीटें जीतकर निर्णायक जनादेश पाया है, जो पिछले चुनाव की 77 सीटों के मुकाबले एक बड़ी छलांग है। तृणमूल कांग्रेस 80 सीटों पर सिमटकर दूसरे स्थान पर रही है। ये कड़े नियम नई सरकार की नीतिगत प्राथमिकताओं का संकेत देते हैं।

# आंधी-तूफान का कहर, 90 से ज्यादा मौतें, सैकड़ों पेड़ और बिजली के पोल उखड़े

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई है। तूफान में सैकड़ों पेड़ उखड़ गए। बिजली के पोल गिरे। फसलें बर्बाद हो गईं। आंधी-तूफान की चपेट में आकर 90 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन-प्रशासन की टीमें नुकसान के आकलन और प्रभावितों को फौरी मदद पहुंचाने की कोशिशों में जुटी हैं।

गौरतलब है कि बुधवार को यूपी के कई हिस्सों में तेज आंधी, बारिश कहर मचाया। पेड़ और पोल गिरने से बिजली व्यवस्था चरमरा गई। इस बीच राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों में हादसों की चपेट में आकर कई लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा जनहानि बनारस, प्रयागराज और कानपुर मंडल में देखी गई है। भदौही में 18 लोगों की मौत की सूचना है। प्रयागराज में 17 और मिर्जापुर में 15 लोगों की मौत हो गई। इसी तरह उन्नाव में 10 बरेली-प्रतागढ़ में 4-4 और सीतापुर, कानपुर, संभल, हरदोई और चंदौली में दो-दो लोगों की मौत हो गई है। शाजहांपुर, लखीमपुर में भी एक-एक



व्यक्ति की मौत की रिपोर्ट है।

आंधी की शक्ल में आए तूफान ने कच्चे और फूस के मकान उजाड़ दिए। टेन शेड हवा में उड़ गए। रास्तों पर पेड़ गिरने से यातायात भी बाधित रहा और बिजली आपूर्ति ठप हो गई। स्थानीय प्रशासनिक टीमें राहत-बचाव अभियान में जुटी रहीं। रास्तों से पेड़ हटाने और पोल को किनारे करके यातायात व्यवस्था सुचारू करने की मुहिम चली। इसी बीच बिजली व्यवस्था भी दुरुस्त करने के प्रयास जारी रहे। इसके अलावा जिन जगहों पर जानमाल का भारी नुकसान हुआ है। शासन-प्रशासन उसकी रिपोर्ट तैयार करके, पीड़ित परिवारों की मदद में लगा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि सभी प्रभावितों की हरसंभव मदद की जाए। सीएम ने कहा कि 24 घंटे के पीड़ितों को मुआवजा दिया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। ऐसा तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनहानि का संज्ञान लेते हुए 24 घंटे के अंदर पीड़ितों को मुआवजा देने का आदेश दिया है। उन्होंने संबंधित जिलाधिकारियों समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर पीड़ितों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश देते हुए राजस्व, कृषि विभाग और बीमा कंपनी से नुकसान का सर्वेक्षण कराकर शासन को भी अवगत कराने का आदेश दिया है।

# मैंने पहले से काफिले को छोटा किया और मंत्रियों-विधायकों के वेतन में की कटौती

**-सीएम सुक्खू बोले-बीजेपी ने अपने शासनकाल में फिजूलखर्ची कर संपदा को लूटा**

**मंडी (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू का कहना है कि प्रदेश के राज्यपाल ने अगर अपने काफिले में वाहनों की कटौती की है तो यह स्वागत योग्य कदम है। मंडी में नगर निगम चुनावों के प्रचार के दौरान सीएम सुक्खू ने कहा कि वे खुद इलेक्ट्रिक कार में सफर करते हैं, जो काफी छोटी है और उसका खर्च पेट्रोल से भी कम है। उन्होंने अपने काफिले के अलावा मंत्रियों के काफिलों में भी पहले से कटौती कर



रखी है। इसके अलावा मंत्रियों के वेतन में 30 प्रतिशत, जबकि विधायकों के वेतन में 20 प्रतिशत की अस्थाई कटौती की है। सरकार के इन्हीं प्रयासों से प्रदेश आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता की तरफ आगे बढ़ रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीएम सुक्खू ने विपक्षी दल बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी ने अपने शासनकाल में फिजूलखर्ची कर प्रदेश की संपदा को लुटाने का काम किया है। हजारों करोड़ के भवन खड़े कर दिए, जिनका आज कोई लाभ किसी को नहीं मिल रहा है। अब बीजेपी सत्ता में आने के सपने देख रही है, लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि इसके लिए जनता की कसौटी पर खरा उतरना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी हिमाचल के लिए 1500 करोड़ के राहत पैकेज की घोषणा करके गए थे, जोकि प्रदेश को आज दिन तक नहीं मिला। इस विषय पर किसी भी बीजेपी नेता ने कभी बात नहीं की। प्रदेश सरकार लगातार आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास कर रही है, जिसके जल्द सार्थक परिणाम नजर आएंगे। शिमला के कमला नेहरू अस्पताल से गायनी वार्ड को शिफ्ट करने पर हाईकोर्ट द्वारा लगाई गई रोक पर सीएम सुक्खू ने कहा कि गायनी वार्ड को आईजीएमसी में इसलिए शिफ्ट किया गया था, ताकि वहां पर रोबोटिक सर्जरी हो सके। यह सब डॉक्टरों की मांग पर ही किया गया था। अब कुछ लोग इस फैसले के विरुद्ध में कोर्ट गए हैं। कोर्ट के फैसले का सरकार स्टडी करेगी।

# पूर्व सीएम अखिलेश के घर पहुंचते ही अपर्णा ने की बंद कमरे में बात

## बाहर खड़ा रहा पूरा परिवार

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के छोटे पुत्र प्रतीक यादव के आकस्मिक निधन के बाद उत्तर प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर है। बुधवार को लखनऊ के कालिदास मार्ग स्थित उनके आवास पर सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा। इस दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी वहां पहुंचे। अखिलेश यादव ने प्रतीक के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किए और अपर्णा यादव से बंद कमरे में काफी देर तक बातचीत की।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शाम करीब चार बजे श्रद्धांजलि देने पहुंचे। उन्होंने परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की और इसे एक अत्यंत दुखद क्षति बताया। शोक की इस घड़ी में राजनीतिक मतभेद पीछे छूट गए; जहाँ एक ओर शिवपाल यादव और डिंपल यादव ने परिवार को संभाला, वहीं भाजपा सांसद साक्षी महाराज, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और कई अन्य दलों के नेता भी ढांढस बंधाने पहुंचे। अखिलेश यादव और साक्षी महाराज के बीच हुई भावुक मुलाकात भी चर्चा का विषय रही।

प्रतीक यादव के स्वास्थ्य को लेकर अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत में बताया कि प्रतीक अपनी फिटनेस को लेकर काफी सजग थे। हालांकि, डॉक्टरों के अनुसार वे पल्मोनरी एंबॉलिज्म नामक गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे, जिसमें फेफड़ों की धमनियों में खून के थक्के जम जाते हैं। मई के पहले सप्ताह में उनके पैर की सर्जरी भी हुई थी, जिसके बाद से उन्हें चलने-फिरने में समस्या और सूजन की शिकायत थी। बताया जा रहा है कि मंगलवार रात जब प्रतीक की तबीयत बिगड़ी, तब घर पर उनकी दोनों बेटियां और घरेलू स्टाफ ही मौजूद था। सुबह करीब पांच बजे स्टाफ ने उन्हें कमरे में अचेत अवस्था में पाया। सिविल अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार, जब उन्हें सुबह छह बजे अस्पताल लाया गया, तब उनकी सांसें थम चुकी थीं। प्रतीक यादव के निधन से यादव परिवार और उनके समर्थकों के बीच गहरा सन्नाटा पसरा हुआ है। सैफई से लेकर लखनऊ तक हर कोई अपने प्रिय प्रतीक को अंतिम विदाई देने की तैयारी में जुटा है।

# शांति की भाषा पर संघ के साथ दिखे पूर्व सेना प्रमुख

## पाकिस्तान के साथ बातचीत पर दिया जोर

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने पाकिस्तान के साथ भविष्य के संबंधों और संवाद को लेकर एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण साझा किया है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के उस बयान का पुरजोर समर्थन किया है, जिसमें पाकिस्तान के साथ बातचीत और जन-संपर्क (पीपुल-टू-पीपुल कॉन्टैक्ट) को महत्व देने की बात कही गई थी। पूर्व सेना प्रमुख ने स्पष्ट किया कि दोनों देशों के बीच तनाव कम करने और बेहतर द्विपक्षीय संबंधों के लिए नागरिकों के बीच आपसी संवाद एक प्रभावी माध्यम साबित हो सकता है।



मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जनरल नरवणे ने कहा कि सीमा के दोनों ओर रहने वाले आम लोगों की बुनियादी समस्याएं-रोटी, कपड़ा और मकान-एक जैसी हैं। उन्होंने तर्क दिया कि राजनीति से दूर, जब दोनों देशों के आम नागरिकों के बीच मित्रता और विश्वास का भाव पैदा होगा, तभी दोनों राष्ट्रों के बीच संबंधों में सुधार की उम्मीद की जा सकती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ट्रैक-टू कूटनीति यानी अनौपचारिक बातचीत और खेल आयोजनों जैसे माध्यमों से लोगों के बीच जुड़ाव होना चाहिए। पूर्व सेना प्रमुख के अनुसार, हमारे नागरिकों को यह समझना आवश्यक है कि सीमा पार रहने वाला हर व्यक्ति कट्टर दुश्मन नहीं होता।

हालांकि, शांति और संवाद की वकालत करने के साथ-साथ जनरल नरवणे ने भारत की सैन्य दृढ़ता को लेकर भी कड़ा संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि बातचीत की इच्छा रखने का अर्थ यह कतई नहीं है कि भारत अपनी सैन्य शक्ति का उपयोग नहीं कर सकता। उनके शब्दों में, भारत हमेशा शांति की भाषा बोलने वाला देश रहा है, लेकिन यदि राष्ट्रीय सुरक्षा की बात आती है, तो हम जरूरत पड़ने पर बल प्रयोग करने से बिल्कुल नहीं हिचकिचाएंगे। यह बयान दत्तात्रेय होसबोले के उस हालिया बयान की निरंतरता में देखा जा रहा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान के सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व ने भारत का भरोसा खो दिया है, इसलिए अब वहां के नागरिक समाज और आम लोगों को संवाद की कमान संभालनी चाहिए। जनरल नरवणे और संघ के नेता की इस जुगलबंदी ने रक्षा और कूटनीतिक गलियारों में एक नई बहस छेड़ दी है कि क्या भारत अब पाकिस्तान के साथ नागरिक कूटनीति के जरिए नए रास्ते तलाशने की तैयारी में है।

# देश में मौसम का दोहरा मिजाज: एक ओर झुलसाती गर्मी, दूसरी ओर तूफान और मौतें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में वर्तमान समय मौसम का दोहरा मिजाज देखने को मिल रहा है। एक ओर राजस्थान के बाड़मेर में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जो लगातार तीसरे दिन देश का सबसे गर्म शहर रहा, वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में ओले, तेज हवाओं और बारिश ने जनजीवन प्रभावित किया। इस दौरान बिहार, महाराष्ट्र और केरल में आंधी-तूफान व बिजली गिरने से कुल 15 लोगों की दुखद मौत हो गई। राजस्थान का बाड़मेर 48.3 डिग्री सेल्सियस के साथ देश का सबसे गर्म स्थान दर्ज किया गया। फलौदी, चित्तौड़गढ़ और बीकानेर जैसे अन्य शहरों में भी पारा 45 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा, जिससे भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है।

वहीं उत्तर प्रदेश के संभल में बुधवार को दिन में अचानक अंधेरा छा गया और तेज धूल भरी आंधी चली, जबकि मेरठ में जोरदार बारिश हुई। मौसम विभाग ने राज्य के 38 जिलों में आंधी-तूफान के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश के रतलाम में भी 46.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ, लेकिन निवाड़ी के बीजौर में तेज आंधी-बारिश के साथ ओले गिरे। हरियाणा के पिनगवा में भी ओलावृष्टि हुई, जबकि पंचकूला, यमुनानगर, करनाल और गुरुग्राम में तेज बारिश दर्ज की गई। मौसम की इस अप्रत्याशितता के कारण बिहार के जमुई और बांका में बिजली गिरने से एक बच्चे सहित 5 लोगों ने जान गंवा दी। महाराष्ट्र के सांगली में तेज आंधी से मंदिर की दीवार ढहने से 6 लोगों की मौत हो गई, वहीं केरल के मलप्पुरम में भी बिजली गिरने से 4 लोगों की जान चली गई।

आगामी दो दिनों में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी यूपी में बारिश व तेज हवाओं का अनुमान है, जबकि राजस्थान, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में भीषण लू का अलर्ट जारी किया गया है। इन सबके बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून इस हफ्ते के अंत तक अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह तक पहुंच सकता है, जो सामान्य समय से पहले है और राहत की उम्मीद जगा रहा है।



# आम आदमी की जेब पर पेट्रोल डीजल की कीमतों ने बढ़ाया बोझ

## भीलवाड़ा सहित देश भर में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 3 रु से ज्यादा का इजाफा

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

मिडिल ईस्ट संकट और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच आम आदमी को बड़ा झटका लगा है. शुक्रवार यानी 15 मई को सुबह-सुबह पेट्रोल-डीजल के नए रेट जारी हो गई हैं. तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में बड़ी बढ़ोतरी कर दी है, जिससे आम जनता की जेब पर बोझ बढ़ गया है. देश के प्रमुख शहरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में रू. 3.00 से लेकर रू. 3.60 प्रति लीटर तक का इजाफा देखा गया है.ऐसे में अगर आप गाड़ी की टंकी फुल करवाने की सोच रहे हैं तो पहले जान ले आपके शहर में 1 लीटर पेट्रोल और डीजल का ताजा भाव क्या है। भीलवाड़ा में एक लीटर पेट्रोल की कीमत अब 108.15 हो गई है वही डीजल की बात करे तो डीजल के लिए अब आम जनता को 93.41 पैसे जेब से खर्च करने होंगे ।

पेट्रोल की कीमतों में हुई बढ़ोतरी के बाद महानगरों और प्रमुख शहरों के नए दाम इस प्रकार हैंः नई दिल्ली में पेट्रोल के दाम में रू. 3.00 की बढ़ोतरी हुई है, जिसके बाद अब यहां एक लीटर पेट्रोल रू. 97.77 में मिल रहा है। कोलकाता में पेट्रोल सबसे ज्यादा महंगा हुआ है. रू. 3.29 की बढ़त के साथ अब नया रेट रू. 108.74 प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल रू. 3.10 महंगा होकर रू. 106.64 प्रति लीटर पर पहुंच गया है। चेन्नई में भी रू. 3.10 का इजाफा हुआ है और अब कीमत रू. 103.90 प्रति लीटर है। बेंगलुरु में पेट्रोल के दाम में रू. 3.21 की वृद्धि हुई है, अब यहां रेट रू. 106.17 है। दिल्ली से सटे नोएडा में पेट्रोल रू. 98.04 (रू. 3.30 बढ़त) और गुरुग्राम में रू. 98.29 (रू. 2.99 बढ़त) प्रति लीटर मिल रहा है। भुवनेश्वर मे रू. 3.60 की सबसे भारी बढ़ोतरी के साथ पेट्रोल रू. 104.57 प्रति लीटर हो गया है। हैदराबाद में पेट्रोल की कीमतों में रू. 3.39 का सबसे बड़ा उछाल आया है, जिसके बाद अब नया रेट रू. 110.89 प्रति लीटर हो गया है।



केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में पेट्रोल रू. 3.20 महंगा हुआ है, अब यहाँ एक लीटर पेट्रोल की कीमत रू. 110.58 पर पहुंच गई है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल के दाम में रू. 3.01 की बढ़ोतरी हुई है, यहाँ अब ताजा भाव रू. 108. 55 प्रति लीटर है। चंडीगढ़ में पेट्रोल की कीमतों में रू. 2.97 का इजाफा हुआ है, जिसके बाद अब नया रेट रू. 97.27 प्रति लीटर हो गया है।

राजस्थान की राजधानी जयपुर में पेट्रोल रू. 2.94 की बढ़त के साथ अब रू. 107.97 प्रति लीटर मिल रहा है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पेट्रोल रू. 2.82 महंगा होकर अब रू. 97.55 प्रति लीटर के स्तर पर बिक रहा है।

### डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी, चेक करें ताजा रेट

पेट्रोल के साथ-साथ डीजल की कीमतों में भी तेज उछाल आया है. ट्रांसपोर्ट और माल ढुलाई की लागत बढ़ने से आने वाले दिनों में महंगाई बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। नई दिल्ली में डीजल रू. 3.00 महंगा होकर अब रू. 90.67 प्रति लीटर पर बिक रहा है। मुंबई में डीजल के दाम रू. 3.11 बढ़कर रू. 93.14 प्रति लीटर हो गया है। कोलकात में डीजल के दाम रू. 3.11 बढ़े हैं और नया रेट रू. 95.13 है। चेन्नईः डीजल रू. 3.08 की बढ़त के साथ रू. 95.47 प्रति लीटर पहुंच गया है। नोएडा में डीजल के दाम में रू. 3.50 का बड़ा उछाल आया है, जिससे कीमत रू. 91.31 प्रति लीटर हो गई है। बेंगलुरु में डीजल रू. 3.11 महंगा होकर रू. 94.10 प्रति लीटर पर है। भुवनेश्वर में डीजल में रू. 3.56 की बढ़ोतरी हुई है, अब नया भाव रू. 96.11 प्रति लीटर है। हैदराबाद में डीजल की कीमतों में रू. 3.26 का बड़ा उछाल आया है, जिसके बाद अब एक लीटर डीजल के लिए आपको रू. 98.96 चुकाने होंगे।

तिरुवनंतपुरम में डीजल रू. 3.09 महंगा हो गया है और अब नया रेट रू. 99.35 प्रति लीटर पर पहुंच गया है। लखनऊ में डीजल के दाम में रू. 2.96 की बढ़ोतरी हुई है, अब ताजा भाव रू. 90.82 प्रति लीटर है। पटना में डीजल रू. 2.8 5 महंगा होकर अब रू. 94.63 प्रति लीटर के स्तर पर बिक रहा है। चंडीगढ़ में डीजल की कीमतों में रू. 2.80 का इजाफा हुआ है, जिसके बाद अब नया रेट रू. 85.25 प्रति लीटर हो गया है। जयपुर में डीजल रू. 2.74 की बढ़त के साथ अब रू. 93.23 प्रति लीटर मिल रहा है।

### क्यों बढ़े पेट्रोल-डीजल दाम?

मिडिल ईस्ट संकट के कारण ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की सप्लाई को लेकर चिंता बढ़ी है. इसी वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों में तेजी आई है, जिसका असर भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर भी देखने को मिल रहा है।

# भीषण सड़क हादसा, चोरी का आरोपी ओर दो रेलवे पुलिसकर्मियों की मौत

स्मार्ट हलचल

**मांडल।** मांडल थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह जबरदस्त सड़क हादसे में आरोपी सहित दो पुलिसकर्मियों की दर्दनाक मौत हो गई । जानकारी के मुताबिक बाइक पर आरोपी को लेकर दो रेल्वे पुलिसकर्मी रायला से भीलवाड़ा की और जा रहे थे इसी दौरान जयपुर-उदयपुर 48 नेशनल हाईवे मांडल चौराहे के ओवर ब्रिज पर रायला से भीलवाड़ा जाते वक्त ट्रक ओर बाइक में जोरदार टक्कर हो गई जिससे बाइक सवार दो रेल्वे पुलिसकर्मीयो की मौके पर ही मौत हो गई वही साथ में रेल्वे सामग्री की चोरी का आरोपी गंभीर घायल हो गया जिसे 108 एंबुलेंस पायलट प्रभु प्रजापत व मेल नर्स दीपक दाधीच ने मांडल उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां पर लेखराज बागड़ी उम्र 55 वर्षीय निवासी किशनगढ़ रेलवे पुलिस हेड कांस्टेबल एवं रविंद्र कुमार जाट उम्र 48 वर्षीय रेलवे पुलिस को







डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया वही रेल्वे सामग्री की चोरी का आरोपी छोटू भील उम्र 40 वर्षीय गंभीर घायल को जिला चिकित्सालय महात्मा गांधी में रेफर किया गया जिसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया , मृतकों के शवों को मोर्चरी में रखवाया गया । एडिशनल एसपी नरेश शर्मा रेल्वे पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल शुरू की।

# जनगणना 2027 : एचएलबी-04 में 100% स्वजनगणना पूर्ण

स्मार्ट हलचल




**बिजयनगर।** भारत की जनगणना 2027 के तहत नगर पालिका बिजयनगर क्षेत्र में चल रहे स्वजनगणना अभियान में एचएलबी क्रमांक-04 में 100 प्रतिशत भवनों की स्वजनगणना पूर्ण कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई है। नगरपालिका चार्ज बिजयनगर में कार्यरत सुरेंद्र प्रताप सिंह ने आमजन को जागरूक करते हुए घर-घर संपर्क कर स्वजनगणना के लिए प्रेरित किया। उनके प्रयासों से एचएलबी-04 का संपूर्ण ब्लॉक सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया।

इस कार्य में फील्ड ट्रेनर लोकेश कुमार वर्मा का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग भी प्राप्त हुआ। अभियान की सफलता को जनगणना कार्य में कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट सहभागिता का उदाहरण माना जा रहा है।

नगर जनगणना अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका बिजयनगर प्रताप सिंह भाटी ने इस उपलब्धि पर सुरेंद्र प्रताप सिंह को बधाई देते हुए जिला स्तर पर सम्मानित किए जाने हेतु उनका नाम प्रस्तावित किया है।

# एफआरटी की बड़ी लापरवाही: बिना सुरक्षा उपकरणों के बिजली पोल पर चढ़कर किया कार्य, कर्मचारियों की जान खतरे में

## जहाजपुर में फिर उजागर हुई विद्युत विभाग की कार्यशैली, पूर्व में प्रकाशित खबरों के बावजूद नहीं चेते अधिकारी

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** तहसील क्षेत्र में विद्युत विभाग की एफआरटी की गंभीर लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। विभाग के कर्मचारी बिना किसी सुरक्षा उपकरण के ऊंचे बिजली पोल पर चढ़कर कार्य करते दिखाई दिए। यह दृश्य न केवल विभागीय नियमों की अनदेखी को दर्शाता है, बल्कि कर्मचारियों की जान को भी गंभीर खतरे में डालता है।

मौके पर ली गई तस्वीर में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि एफआरटी टीम का एक कर्मचारी बिना सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, इंसुलेटेड ग्लव्स और अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरणों के बिजली पोल पर चढ़कर लाइन सुधार कार्य कर रहा है। नीचे अन्य कर्मचारी और स्थानीय लोग मौजूद थे, लेकिन सुरक्षा मानकों का कहीं भी पालन नहीं किया गया।



### पहले भी कई बार उठ चुका है मुद्दा

स्थानीय मीडिया द्वारा पूर्व में भी कई बार बिना सुरक्षा उपकरणों के विद्युत कार्य कराने की खबरें प्रमुखता से प्रकाशित की जा चुकी हैं। इसके बावजूद जहाजपुर विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने इस गंभीर समस्या को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

हर बार खबरों के बाद सुधार के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि आज भी कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर काम करने को मजबूर हैं।

### कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

बिजली के खंभों पर कार्य करना अत्यंत जोखिमपूर्ण कार्य है। ऐसे कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों का उपयोग अनिवार्य होता है। इनके अभाव में: करंट लगने का खतरा, ऊंचाई से गिरने की आशंका, गंभीर चोट या मृत्यु तक की संभावना, विशेषज्ञों के अनुसार, सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण देशभर में कई हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद जहाजपुर क्षेत्र में नियमों की खुलेआम अवहेलना जारी है।

### प्रशासन और उच्चाधिकारियों से कार्रवाई की मांग

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन एवं विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए तथा सभी कर्मचारियों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही बिना सुरक्षा उपकरणों के कार्य कराने पर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

# बनेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



स्मार्ट हलचल | बनेड़ा

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान विधालय शिक्षा के प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर गुरुवार को ब्लॉक क्षेत्र के शिक्षकों ने अपनी मागो को लेकर के प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संसंगघ के ब्लॉक अध्यक्ष वेदप्रकाश पारीक और मंत्री भगवान सिंह के नेतृत्व उपखण्ड अधिकारी श्रीकांत व्यास को मुख्यमंत्री के नाम सोपे अपने ज्ञापन में बताया कि शिक्षकों को मिलने वाले ग्रीष्मकालीन सहित अन्य अवकाश यथावत रखने सत्र 2026 - 27 के लिए शिविरा केलेंडर मे संशोधन करने. तृतीय वेतन श्रृंखला सहित शैष सभी संवर्गो के तबादले किए जाए।. तृतीय श्रेणी शिक्षकों की विगत वर्षो से लंबित पदोन्नतिया कि जाए. 20 19 से अब तक क्रमोन्नत सभी विधालयो मे पदो की वित्तीय स्वीकृति जारी कर के स्टाफिंग पेटर्न के अनुसार पद सृजित कर पदस्थापन किया जाए। तथा शिक्षको को समस्त गैरशेक्षणिक कार्यो मुक्त किया जाए। आरजीएचएस को सुचारू रूप से जारी रखा जाए। प्रबोधक एवं तृतीय वेतन श्रृंखला शिक्षकों की वेतन विसंगति को दुर किया जाए। साथ ही संविदा शिक्षकों को नियमित करने के साथ ही संगठन के लम्बित मांग पत्र के बिन्दुओं पर चर्चा करके उनका समाधान किया जाए। इस दौरान नियाज मोहम्मद पठान मनीष पारीक महेंद्र सिंह तंवर जगदीश सुथार तरुण सिंह मुकेश गुर्जर बीना शर्मा आशा शर्मा मंजु देवी मजाहिर प्रभु लाल गाडरी सत्यनारायण वैष्णव रामकुवार सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

# लाडपुरा: 5 साल से जर्जर पुलिया से जान जोखिम में डालकर गुजर रहे ग्रामीण, दोनों ओर डिवाइडर निर्माण की उठी मांग

स्मार्ट हलचल | लाडपुरा

कस्बे की मुख्य सड़क पर स्थित सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधीन नदी की पुलिया पिछले पांच सालों से जर्जर अवस्था में है। पुलिया के दोनों किनारे क्षतिग्रस्त होने के कारण यहां से गुजरने वाले वाहन चालक और पदयात्री रोजाना अपनी जान हथेली पर रखकर सफर करने को विवश हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और पीडब्ल्यूडी विभाग से पुलिया के दोनों ओर डिवाइडर (सुरक्षा दीवार) बनाने की पुरजोर मांग की है।

### हर दिन सताता है हादसे का डर

लाडपुरा मार्ग पर स्थित यह मुख्य पुलिया क्षेत्र के आवागमन का प्रमुख केंद्र है, जहां से प्रतिदिन सैकड़ों की



संख्या में लोग और वाहन गुजरते हैं। लंबे समय से मरम्मत के अभाव में पुलिया की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि यहां आए दिन छोटे-मोटे हादसे होते रहते हैं। रेलिंग या सुरक्षा दीवार नहीं होने के कारण हमेशा किसी बड़े वाहन के नदी में गिरने का अंदेशा बना रहता है, जिससे ग्रामीणों में डर का माहौल है।

### पशु और ग्रामीण हो रहे दुर्घटना का शिकार

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि किनारे टूटे होने के कारण रात के अंधेरे में या बारिश के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। सुरक्षा के अभाव में प्रतिवर्ष कई ग्रामीण और बेजुबान पशु इस पुलिया से गिरकर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या की अनदेखी कर रहा है।

### डिवाइडर निर्माण की उठाई मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि दुर्घटनाओं की रोकथाम और सुचारु आवागमन के लिए इस क्षतिग्रस्त पुलिया के दोनों छोर पर तुरंत प्रभाव से डिवाइडर (सुरक्षा दीवार) का निर्माण करवाया जाए। समय रहते अगर इस पुलिया की मरम्मत नहीं की गई, तो भविष्य में यहां कोई बड़ी जनहानि हो सकती है।

# चामुंडा माता मंदिर में हुई चोरी का पर्दाफाश, दो शातिर चोर गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | हमीरगढ़ (भीलवाड़ा)

जिले की हमीरगढ़ थाना पुलिस ने कस्बा स्थित प्रसिद्ध चामुंडा माता मंदिर में करीब 15 महीने पहले हुई लाखों रुपये के आभूषणों और नकदी की सनसनीखेज चोरी का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपी इतने शातिर थे कि वे वारदात के वक्त न तो मोबाइल इस्तेमाल करते थे और न ही घटनास्थल पर कोई सुराग छोड़ते थे; यहां तक कि वे मंदिर के सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी उखाड़ ले गए थे।

### क्या था पूरा मामला?

हमीरगढ़ पुलिस के अनुसार, 11 फरवरी 2025 को चामुंडा माता मंदिर के पुजारी पूरण माली (37) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि 10-11 फरवरी की रात अज्ञात चोरों ने मंदिर के गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने माताजी की मूर्ति का श्रृंगार (करीब 550 ग्राम सोने और 5 किलो 150 ग्राम चांदी के जेवरात) और नकदी से भरा दानपात्र पार कर लिया था।

### दिन में करते थे रैकी, रात में वारदात

पुलिस जांच में आरोपियों के वारदात करने का एक विशेष तरीका सामने आया है। आरोपी दिन के समय घूमकर ऐसे एकांत मंदिरों को चिह्नित करते थे, जहां चढ़ावा और जेवरात अधिक होते थे। रात के समय ये सीसीटीवी कैमरों से बचते हुए सुनसान रास्तों से मंदिर पहुंचते थे। वारदात के बाद वे सबूत मिटाने के लिए सीसीटीवी की डीवीआर अपने साथ ले जाते थे। पुलिस से बचने के लिए आरोपी वारदात के समय अपना मोबाइल फोन भी बंद रखते थे और चोरी के माल का बंटवारा कर अलग-अलग हो जाते थे।

### परंपरागत पुलिसिंग और मुखबिरों से मिला सुराग

चूंकि मंदिर के पीछे जंगल था और आरोपियों ने कोई तकनीकी सुराग (मोबाइल लोकेशन आदि) नहीं छोड़ा था, इसलिए पुलिस के लिए यह एक ब्लाइंड केस था। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन और वृताधिकारी (सदर) हरजीराम के सुपरविजन में हमीरगढ़ थानाधिकारी सुनील कुमार बेड़ा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।

थाने के हेड कांस्टेबल विशम्बर दयाल और टीम ने तकनीकी निर्भरता छोड़कर 'परंपरागत पुलिसिंग' का सहारा लिया। मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर संदिग्धों का लगातार पीछा किया गया। इसी आसूचना के आधार पर पुलिस ने दो आरोपियों को डिटेन कर जब कड़ाई से पूछताछ की, तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### ये आरोपी हुए गिरफ्तार:

ज्ञानदास (26) पुत्र गोपीदास कामड, निवासी पलाना कला, थाना घासा (उदयपुर)।

घनश्याम (32) पुत्र उदयराम नायक, निवासी फेमडिया खेड़ा, हाल अरनोदा, थाना सदर निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़)।

पुलिस अब गिरफ्तार दोनों आरोपियों से चोरी किए गए जेवरात और माल की बरामदगी के प्रयास कर रही है। इस ब्लाइंड चोरी के खुलासे में हेड कांस्टेबल विशम्बर दयाल का विशेष योगदान रहा।

# 15 महीने बाद खुला हमीरगढ़ के बहुचर्चित चामुंडा माता मंदिर चोरी कांड का राज

## 1 करोड़ की चोरी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता, दो शातिर बदमाश डिटेन,थाना प्रभारी सुनील बेड़ा की टीम की हर ओर सराहना

स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** भीलवाड़ा जिले के हमीरगढ़ कस्बे की पहाड़ी पर स्थित प्रसिद्ध चामुंडा माता मंदिर में करीब 15 महीने पहले हुई बहुचर्चित एक करोड़ रुपए से अधिक की चोरी की वारदात में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।लंबे समय से ब्लाइंड केस बनी इस सनसनीखेज चोरी की फाइल को दोबारा खोलते हुए हमीरगढ़ थाना प्रभारी सुनील कुमार बेड़ा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने दो शातिर बदमाशों को डिटेन किया है।दोनों संदिग्धों से गहन पूछताछ जारी है और पुलिस को मामले में महत्वपूर्ण खुलासे होने की उम्मीद है।

थाना प्रभारी सुनील कुमार बेड़ा ने बताया कि मंदिर चोरी की यह वारदात क्षेत्र की सबसे चर्चित घटनाओं में शामिल रही थी।घटना के बाद शुरुआती जांच में ठोस सुराग नहीं मिलने से मामला लगभग ब्लाइंड केस बन गया था,लेकिन जिला पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में पुराने रिकॉर्ड,संदिग्ध गतिविधियों और तकनीकी साक्ष्यों का दोबारा अध्ययन किया गया।इसके बाद स्थानीय स्तर पर विशेष टीम गठित कर लगातार निगरानी और गुप्त सूचना तंत्र को सक्रिय किया गया।अथक प्रयासों के बाद पुलिस ने दो संदिग्ध बदमाशों को हिरासत में लिया है।

### 10 फरवरी 2025 की रात हुई थी सनसनीखेज वारदात

जानकारी के अनुसार हमीरगढ़ की पहाड़ियों पर आस्था के प्रमुख केंद्र माने जाने वाले चामुंडा माता मंदिर में 10 फरवरी 2025 की रात



चोरों ने धावा बोला था।बदमाश देर रात महिलाओं के वेश में आए और मंदिर के ताले तोड़कर अंदर घुसे और मंदिर परिसर में रखी अलमारी से चाबियां निकालकर वारदात को अंजाम दिया था।घटना का खुलासा अगले दिन 11 फरवरी की सुबह उस समय हुआ जब पुजारी मंदिर पहुंचे और मंदिर के ताले टूटे मिले। चोर मंदिर से माता जी का चांदी का छत्र,मुकुट,सोने-चांदी के कीमती आभूषण,श्रृंगार सामग्री और दानपात्र में रखी नकदी चोरी कर ले गए थे।रिपोर्ट के अनुसार करीब एक किलो से अधिक सोने के आभूषण,60 लाख रुपए से अधिक मूल्य का चांदी का सामान तथा दानपात्र से लगभग 4 लाख रुपए की नकदी चोरी हुई थी।चोरी के बाद मंदिर का टूटा हुआ दानपात्र करीब दो किलोमीटर दूर जंगल में मिला था।

### क्षेत्र में फैला था भारी आक्रोश

धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र में हुई इस बड़ी चोरी की घटना से हमीरगढ़ सहित पूरे क्षेत्र में भारी रोष फैल गया था।ग्रामीणों,व्यापार मंडल और सर्व हिंदू समाज ने घटना को केवल चोरी नहीं बल्कि जनभावनाओं पर चोट बताया था।पुलिस कार्रवाई से नाराज लोगों ने 15 फरवरी 2025 को हमीरगढ़ बाजार बंद रखकर विरोध प्रदर्शन भी किया था तथा आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की थी।घटना के बाद पुलिस ने एफएसएल टीम,डॉग स्क्वायड और सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच शुरू की थी।कई संदिग्धों से पूछताछ भी की गई,लेकिन लंबे समय तक पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई थी।

### अब खुलासे से चर्चाओं में हमीरगढ़ पुलिस

करीब 15 महीने बाद मामले में हुई इस बड़ी कार्रवाई के बाद हमीरगढ़ क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।लोग थाना प्रभारी सुनील कुमार बेड़ा और वर्तमान पुलिस स्टाफ की सक्रियता की सराहना कर रहे हैं।क्षेत्रवासियों का कहना है कि जिस मामले को लगभग ठंडे बस्ते में माना जा रहा था,उसमें दोबारा गंभीरता से जांच कर आरोपियों तक पहुंचना पुलिस की बड़ी उपलब्धि है।फिलहाल पुलिस हिरासत में लिए गए दोनों बदमाशों से पूछताछ कर रही है और संभावना जताई जा रही है कि चोरी में शामिल अन्य आरोपियों तथा चोरी गए सामान को लेकर भी जल्द बड़ा खुलासा हो सकता है।

# भीषण गर्मी में हेलमेट और सीट बेल्ट जरूर लगाएं : एसपी यादव

## लू और सड़क हादसों से बचाव को लेकर आमजन से अपील

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव ने आमजन से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने दुपहिया वाहन चालकों से हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने को कहा है।

एसपी यादव ने कहा कि तेज गर्मी के कारण वाहन चालकों को चक्कर, थकान और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं हो सकती हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। हेलमेट सिर को धूप और हादसों से सुरक्षा देता है, जबकि सीट बेल्ट गंभीर चोटों से बचाने में मदद करती है। उन्होंने आमजन से दोपहर में



अनावश्यक यात्रा से बचने, पर्याप्त पानी पीने और गर्मी में सतर्कता बरतने की सलाह दी। साथ ही कहा कि यातायात नियमों की पालना कर ही सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

# साइबर ठग संग विधायक पितलिया की वायरल तस्वीर से मचा सियासी बवाल

## करोड़ों की ठगी के आरोपी के साथ मंच साझा करने पर भाजपा घिरी, कांग्रेस ने उठाए तीखे सवाल

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा जिले में करोड़ों रुपए की साइबर ठगी के मामले में गिरफ्तार कथित मास्टरमाइंड गोपाल बलाई अब सिर्फ पुलिस कार्रवाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उसकी एक वायरल तस्वीर ने प्रदेश की राजनीति में भी तूफान खड़ा कर दिया है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही तस्वीर में सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक लादू लाल पितलिया एक सार्वजनिक कार्यक्रम में आरोपी गोपाल बलाई से माला पहनकर स्वागत करवाते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह तस्वीर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम की है।

तस्वीर सामने आते ही कांग्रेस ने भाजपा पर जोरदार हमला बोल दिया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं और अपराधियों की नजदीकियां अब खुलकर सामने आने लगी हैं। विपक्ष का कहना है कि जिस व्यक्ति को पुलिस साइबर ठगी जैसे गंभीर अपराध का मास्टरमाइंड बताकर गिरफ्तार कर रही है, वही व्यक्ति भाजपा विधायक के साथ मंच साझा करता दिखाई दे रहा है, जो कई गंभीर सवाल खड़े करता है।

राजीव गांधी पंचायत राज संगठन कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव श्याम पुरोहित ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 'राज्य में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और सत्ता से जुड़े लोगों का संरक्षण मिलने के कारण साइबर अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं।' उन्होंने आरोप लगाया कि जनता की मेहनत की कमाई ठगने वाले आरोपियों के साथ जनप्रतिनिधियों की तस्वीरें लोकतंत्र और राजनीति दोनों के लिए शर्मनाक हैं।



कांग्रेस ने विधायक लादू लाल पितलिया से सार्वजनिक सफाई मांगते हुए पूछा है कि आरोपी गोपाल बलाई से उनके क्या संबंध हैं और आखिर ऐसे व्यक्ति को मंच तक पहुंच कैसे मिली। विपक्ष ने यह भी कहा कि यदि भाजपा वास्तव में भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ है तो उसे इस मामले में स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए।

इधर वायरल तस्वीर के बाद पूरे क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। सोशल मीडिया पर लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या साइबर अपराधियों की राजनीतिक गलियारों तक गहरी पहुंच है? कई यूजर्स ने इस मामले को 'राजनीति और साइबर अपराध के गठजोड़' का उदाहरण तक बताया है।

भाजपा विधायक पितलिया की ओर से कहा गया है कि किसी भी कार्यक्रम में कोई ग्रामीण मंच पर आकर स्वागत कर फोटो खिंचवाते है। इसी प्रकरण में भी यही हुआ होगा। उससे उनकी कोई पहचान नहीं है।

गौरतलब है कि भीलवाड़ा जिले की रायपुर थाना पुलिस ने हाल ही में 'ऑपरेशन म्यूल हंटर' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए रायपुर कस्बे के भीटा निवासी गोपाल लाल बलाई को गिरफ्तार किया था। आरोपी पर आरोप है कि वह एक न्यूज चेनल की आड़ में लोगों को साइबर ठगी का शिकार बना रहा था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी के बैंक खाते में मात्र चार महीने के भीतर करीब 10 करोड़ रुपए का संदिग्ध लेनदेन हुआ।

एसपी धर्मेंद्र सिंह के अनुसार आरोपी इलेक्ट्रॉनिक हैकिंग, फिशिंग और स्मशिंग जैसी तकनीकों के जरिए लोगों से ऑनलाइन धोखाधड़ी करता था। पुलिस को आरोपी के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों से 116 साइबर फ्रॉड शिकायतें मिली हैं। बैंक खातों और ई-केवाईसी दस्तावेजों की जांच के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। अब साइबर ठगी का यह मामला कानून से ज्यादा राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन चुका है। वायरल तस्वीर ने विपक्ष को बड़ा मुद्दा दे दिया है और आने वाले दिनों में यह मामला और तूल पकड़ सकता है।

### हादसे के बाद परिवार को मिला बड़ा सहारा

# डेयरी कर्मचारी के परिजनों को दुर्घटना बीमा योजना से 30 लाख की सहायता

## पंजाब नेशनल बैंक ने सौंपा क्लेम, परिवार ने जताया आभार



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** सड़क हादसे में जान गंवाने वाले भीलवाड़ा डेयरी के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी स्वर्गीय जगदीश चंद्र सेन के परिवार को दुर्घटना बीमा योजना के तहत 30 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। पंजाब नेशनल बैंक द्वारा दी गई इस सहायता से आर्थिक संकट से जूझ रहे परिवार को बड़ी राहत मिली है।

जानकारी के अनुसार जगदीश चंद्र सेन का 18 सितंबर 2025 को सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया था। उनके वेतन खाते पंजाब नेशनल बैंक में संचालित होने के कारण बैंक की मुफ्त दुर्घटना बीमा योजना के तहत परिवार को यह क्लेम राशि स्वीकृत हुई।

इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख रितेश कुमार पटेल ने बताया कि बैंक अपने सैलरी खाताधारकों को दुर्घटना बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराता है, ताकि विपरीत परिस्थितियों में परिवारों को आर्थिक संबल मिल सके।

भीलवाड़ा डेयरी के प्रभारी लेखा मुकेश कुमार लड्ढा ने कहा कि डेयरी कर्मचारियों के हित में यह योजना बेहद उपयोगी साबित हो रही है और पूर्व में भी कई परिवारों को इसका लाभ मिल चुका है।

मृतक के भाई सत्यनारायण सेन ने बैंक और डेयरी प्रबंधन का आभार जताते हुए कहा कि इस सहायता से परिवार को कठिन समय में बड़ा सहारा मिला है।

# भीषण गर्मी में शाहपुरा जिला चिकित्सालय बना मानवता की मिसाल, कलेक्टर संधू की दूरदर्शी सोच लाई बदलाव

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जहां एक ओर भीषण गर्मी का दौर जारी है और आमजन अपने घरों को भी पूर्णतः वातानुकूलित नहीं कर पाते हैं, वहीं शाहपुरा जिला चिकित्सालय मरीजों और उनके परिजनों को राहत प्रदान करने के लिए मानवता, संवेदनशीलता और सेवा भावना की अद्भुत मिसाल बनकर सामने आया है।

जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू की दूरदर्शी सोच ने जिला चिकित्सालय की तस्वीर बदल दी है, जिसके परिणामस्वरूप आमजन को बेहतर माहौल में गुणवत्तापूर्ण एवं संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। चिकित्सा अधिकारियों और समस्त स्टाफ द्वारा किए जा रहे यह अनुकरणीय कार्य 'नर सेवा ही नारायण सेवा' का जीवंत संदेश दे रहे हैं।





### व्यवस्थाओं में उत्कृष्ट सुधार

राज्य सरकार की मंशा को साकार करने की दिशा में, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा के मार्गदर्शन एवं सतत मॉनिटरिंग में शाहपुरा जिला चिकित्सालय लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है। अस्पताल में एक सकारात्मक एवं सुव्यवस्थित वातावरण विकसित हो रहा है जो मरीजों को उपचार के साथ-साथ विश्वास और आत्मीयता का अनुभव भी प्रदान कर रहा है।

गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से अस्पताल प्रशासन ने विशेष व्यवस्थाएं की हैं, जिनमें ये शामिल हैं: मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए अस्पताल परिसर में विशेष पंडाल तैयार किया गया है। टिन शेड, कूलर और पंखों की समुचित व्यव-स्था की गई है।

वेटिंग एरिया में वाटर फव्वारा सिस्टम जैसी सुविधाएं स्थापित की गई हैं।

### उत्कृष्ट सेवाओं का विस्तार


चिकित्सालय में बेहतर व स्वच्छ माहौल में आमजन को डायलिसिस, आईसीयू, मदर लैब, एक्सरे और सुलभ डायग्नोस्टिक सेवाओं जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन सुविधाओं से मरीजों और उनके परिजनों को बड़ी राहत मिली है, जिसके कारण उनके चेहरे पर संतोष और सुकून स्पष्ट दिखाई देता है।

### अग्रणी चिकित्सा दल

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक जैन के नेतृत्व में यह उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। टीम में डॉ. रवि वर्मा, डॉ. हीरापाल मीणा, डॉ. अमित गुप्ता, डॉ. राहुल उपाध्याय, डॉ. बालकिशन जैन, डॉ. एस.एस. मीणा, महिला चिकित्सक डॉ. श्रद्धा जैन, और नर्सिंग स्टाफ से उत्सव सोमानी, विक्रांत, अनिल शर्मा, सुरेश चंद्र घूसर, अनिल घूसर सहित समस्त अस्पताल स्टाफ अथक परिश्रम और सूझबूझ के साथ व्यवस्थाओं को बेहतर बना रहे हैं।

शाहपुरावासियों की ओर से समस्त चिकित्सा अधिकारियों, नर्सिंग स्टाफ एवं अस्पताल कर्मियों को उनके सेवा, समर्पण और मानवीय करुणा के इस उदाहरण के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं।

# शाहपुरा में धूमधाम से मनाई जाएगी शनि जयंती



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा (भीलवाड़ा)।** शाहपुरा-पिवणिया तालाब स्थित शनि देव मंदिर में शनि जयंती को लेकर विशेष बैठक आयोजित की गई। पंडित सुनील कुमार भट्ट एवं सीताराम बाबा के सानिध्य में आयोजित बैठक में 16 मई, प्रथम ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या शनिवार को होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की गई।

मंदिर को फूलों से सजाया जाएगा। सुबह 11:15 बजे होगा शनि देव का तेलाभिषेक होगा। महिला मंडल द्वारा भजन-कीर्तन महाआरती के साथ लगेगा 101 किलो लड्डुओं का भोग लगेगा। बैठक में शनि देव सेवा समिति के सदस्य एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

# मोदी सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में विफल : जाड़ावत

## पेट्रोल-डीजल कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर साधा निशाना

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

राजस्थान सरकार के पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2014 में महंगाई के खिलाफ नारे देने वाली भाजपा अब जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि अब आमजन के बीच यह चर्चा होने लगी है कि 'मोदी है तो महंगाई है।'

जाड़ावत ने बयान जारी कर कहा कि उन्होंने पूर्व में ही आशंका जताई थी कि चुनाव के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की जाएगी। तेल कंपनियों द्वारा लगभग तीन रुपए प्रति लीटर की वृद्धि किए जाने से आम आदमी की परेशानी और बढ़ गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि आगे आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल के दामों में और बढ़ोतरी हो सकती है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में छोटी गाड़ियों के लिए दो हजार रुपए तक ही तेल भरने की सीमा जैसी स्थिति बन रही है तथा ट्रकों में सीमित मात्रा में डीजल उपलब्ध कराया जा रहा है। उनका आरोप है कि केंद्र सरकार की विदेश नीति के कारण देश को इस स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि पेट्रोल-डीजल महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ेगी, जिसका सीधा असर दूध, खाद्य तेल, सब्जियों एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अमूल दूध की कीमतों में बढ़ोतरी हो चुकी है तथा अन्य डेयरी उत्पाद भी महंगे हो सकते हैं।

जाड़ावत ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई का सबसे अधिक असर महिलाओं की रसोई पर पड़ रहा है। सोना, चांदी, गैस, पेट्रोल, डीजल, सीएनजी एवं खाद्य तेलों की कीमतों में पहले से ही वृद्धि हो चुकी है। दूध की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों का घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि महंगाई बढ़ने से व्यवसाय और परिवहन क्षेत्र भी प्रभावित होंगे। लॉजिस्टिक्स महंगा होने से हर क्षेत्र पर असर पड़ेगा। जाड़ावत ने तुलना करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में कच्चे तेल की कीमत अधिक होने के बावजूद पेट्रोल अपेक्षाकृत सस्ता था।

पूर्व राज्यमंत्री ने केंद्र सरकार से बढ़ती महंगाई पर तत्काल नियंत्रण कर आमजन को राहत प्रदान करने की मांग की।

# गीतकार मूमल राजगोपाल का राउमावि कोशीथल में सम्मान



स्मार्ट हलचल

**रायपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोशीथल में गीत संग्रह 'प्रेम मय हो जिंदगी' के लेखक एवं गीतकार, साहित्यकार मूमल राजगोपाल का विद्यालय परिवार द्वारा भव्य सम्मान किया गया। कार्यक्रम प्रभारी रमेश चंद्र वैष्णव ने बताया कि मूमल राजगोपाल द्वारा साहित्य के क्षेत्र में प्रेम मय हो जिंदगी गीत संग्रह पुस्तक का लेखन कर क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाते हुए युवाओं को साहित्य के क्षेत्र में प्रेरित कर रहे हैं। इसी प्रेरक अभियान में कोशीथल विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक भाई बहनों द्वारा गीतकार मूमल का माल्यार्पण एवं दुपट्टा पहना कर सम्मान किया। इस अवसर पर कवि बद्री वसंत लोहार व रमेश चंद्र वैष्णव ने मूमल के श्रेष्ठ जीवन पर प्रेरक विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य सत्यनारायण गुर्जर, प्राध्यापक प्रभु लाल शर्मा, कुलदीप कुमार, वरिष्ठ अध्यापक लक्ष्मण सिंह शेखावत, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षा राकेश खटीक, कंचन सोनगरा, वासवदत्ता खंडेलवाल, आशा जीनगर, दिनेश कुमार दाधीच, रुखसाना बानो, जगदीश चंद्र जाट, संदीप दाधीच, आरिफ मोहम्मद छिपा सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

# न्यायालय को शहर से दूर ले जाने के विरोध में वकीलों का बिगुल

## 'जिला न्यायालय बचाओ' संघर्ष समिति गठित, भूमि आवंटन निरस्त करने की उठी मांग





स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

प्रस्तावित नवीन जिला न्यायालय परिसर को शहर से दूर तस्वारिया ग्राम की चारागाह भूमि में स्थापित किए जाने के विरोध में अधिवक्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है। सैकड़ों वकीलों ने एकजुट होकर 'भीलवाड़ा जिला न्यायालय परिसर अधिवक्ता संघर्ष समिति' का गठन किया और जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभय कुमार जैन के माध्यम से राजस्थान हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के नाम ज्ञापन सौंपकर भूमि आवंटन निरस्त करने की मांग की।

संघर्ष समिति के संयोजक राकेश जैन ने बताया कि करीब 62 बीघा भूमि शहर से लगभग 12 से 15 किलोमीटर दूर निर्जन क्षेत्र में आवंटित की गई है, जिससे अधिवक्ताओं, वादकारियों और आमजन को भारी परेशानी होगी। उन्होंने कहा कि 650 से अधिक अधिवक्ताओं ने इस निर्णय का विरोध किया है। पूर्व को-चेयरमैन, बार काउंसिल ऑफ इंडिया सुरेश चंद्र श्रीमाली ने कहा कि 'सुगम न्याय व्यवस्था' की बात करने वाली सरकार का न्यायालय को शहर से दूर ले जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। अधिवक्ताओं ने महिला सुरक्षा, परिवहन, पुलिस सुविधा और मूलभूत व्यवस्थाओं के अभाव को भी बड़ा मुद्दा बताया।अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते निर्णय पर पुनर्विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ज्ञापन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# विज्ञान भारती की जिला इकाई का गठन

## प्राचार्य शूरवीर सिंह चौहान अध्यक्ष और अनिल बघेरवाल सचिव मनोनीत



स्मार्ट हलचल |शाहपुरा

विज्ञान भारती की जिला इकाई के गठन को लेकर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, तहनाल गेट में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चित्तौड़ प्रांत के प्रांत कार्यवाह डॉ. शंकर लाल माली की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

### नई कार्यकारिणी की घोषणा

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से प्राचार्य शूरवीर सिंह चौहान को जिला अध्यक्ष एवं प्राचार्य अनिल कुमार बघेरवाल को जिला सचिव मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अतिशीघ्र जिले की पूर्ण कार्यकारिणी का गठन कर संगठन के कार्यों को गति प्रदान करें।

बैठक में विज्ञान भारती, जिला भीलवाड़ा से आए सेवानिवृत्त वैज्ञानिक एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष करण सिंह सिंघवी, प्रांत सह सचिव सुनील पोरवाल और भीलवाड़ा महानगर उपाध्यक्ष मुकेश गुप्ता का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। वक्ताओं ने विज्ञान भारती के उद्देश्यों और स्वदेशी विज्ञान की महत्ता पर प्रकाश डाला।

### वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर जोर

अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. शंकर लाल माली ने कहा कि विज्ञान भारती का मुख्य उद्देश्य बालकों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करना है। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रचनात्मक और विज्ञान आधारित कार्यक्रमों को आयोजित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राचार्य बंकट सिंह शक्तावत, प्राचार्य ईश्वर लाल मीणा, पवन कुमार जैन, कमलेश मीणा, सुधीर शर्मा, लोकेश धाभाई, राकेश सुखवाल, प्राध्यापक हेमंत खोरवाल, कृष्ण चंद्र पाठक और डॉ. भगवत सिंह कानावत सहित कई वरिष्ठ अध्यापक उप-स्थित थे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य गोविंद सिंह बडगुर्जर ने सभी आगंतुक अतिथियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# गौशाला समिति में कार्यकारिणी का गठन

स्मार्ट हलचल



नवलपुरा स्थित श्री श्याम भूतनाथ गौशाला सेवा समिति में आयोजित आम सभा में नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। बैठक में धर्मेंद्र कुमार बैराडिया उर्फ डीके सोनी को अध्यक्ष, राधेश्याम मिश्रा को कोषाध्यक्ष एवं बनवारी लाल यादव को सचिव पद पर यथावत रखा गया।

कार्यक्रम श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर प्रहलाद दास जी महाराज एवं श्री सेवकदास जी महाराज भूतेश्वर धाम आश्रम के सानिध्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए गौशाला के विकास एवं सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने की अपेक्षा जताई। सभा में गौशाला कर्मठ गौ प्रेमिका गुंजन राठौर महामंत्री अमरचंद, नौरंगा, सचिव बनवारीलाल यादव, महावीर बाडीगर, मिश्रवास गौशाला अध्यक्ष जगदीश सोनी सुरेश, रामजीलाल, श्याम बिछवालिया, सुल्तान, सीताराम, मेरी गोल्ड होटल के बनवारीलाल, राजेंद्र यादव, नरसी, कालूराम, हरदेव प्रकाश सम्पूर्णानंद अशोक गुर्जर हिमांशु, मुरारी, अशोक जी सैनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# नेत्रदान महादान के संकल्प को साकार करता बाल्दी परिवार, मरणोपरांत किया नेत्रदान

## दो नेत्रहीनों को मिलेगी नई रोशनी, समाज के लिए बना प्रेरणास्पद उदाहरण

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** शहर के आरसी व्यास कॉलोनी निवासी स्वर्गीय जगदीश प्रसाद बाल्दी का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। दुःख की इस घड़ी में भी बाल्दी परिवार ने मानवता और सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए मरणोपरांत नेत्रदान का पुण्य कार्य किया। स्वर्गीय जगदीश प्रसाद बाल्दी के पुत्र अजय बाल्दी एवं बाल्दी परिवार के रमेश चंद्र, सत्यनारायण, शिवनारायण ने अंधत्व निवारण के उद्देश्य से नेत्रदान के लिए सहमति प्रदान की। परिवार के इस निर्णय की समाज में सराहना की जा रही है। भारत विकास परिषद वीर शिवाजी शाखा के सहयोग से आई बैंक सोसायटी ऑफ राज-स्थान, जयपुर (भीलवाड़ा चैप्टर) एवं लायंस आई बैंक की टीम के सहयोग से नेत्रदान किया गया।




लायन राकेश पगारिया ने बताया कि डॉक्टर प्रतिष्ठा छिपा के निर्देशन में आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान, जयपुर के नेत्र सहायक चेतन भट्ट ने आरसी व्यास कॉलोनी निवास पर पहुंचकर नेत्र उत्सर्जन की प्रक्रिया संपन्न की। प्राप्त कॉर्निया को सुरक्षित रूप से जयपुर भेजा गया, जहां इनसे दो नेत्रहीन व्यक्तियों को नेत्र ज्योति प्रदान करने का पुनीत कार्य किया जाएगा। मीडिया प्रभारी मनीष बंसल ने बताया है कि इस अवसर पर भारत विकास परिषद प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी महेश जाजू एवं वीर शिवाजी शाखा के अध्यक्ष कमलेश बोडाना, सचिव पंकज अग्रवाल, सह सचिव हरीश अग्रवाल, पुनीत भूतड़ा, योगेश मित्तल, हितेश तोषनीवाल व परिषद के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। लायंस आई बैंक परिवार ने दिवंगत जगदीश प्रसाद जी बाल्दी परिवार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बाल्दी परिवार के इस अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी निर्णय के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। लायन पवन पंवार एवं कमलेश बोडाना ने यह भी कहा कि नेत्रदान महादान है और ऐसे प्रेरणादायी कार्य समाज में जागरूकता फैलाने के साथ-साथ अनेक जरूरतमंद लोगों के जीवन में नई रोशनी ला सकते हैं। बाल्दी परिवार द्वारा किया गया यह कार्य निश्चित रूप से समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

# ‘नई पीढ़ी को ऊंचाइयों के साथ संस्कार भी देना जरूरी’ – संत दिग्विजय राम

## कृषि उपज मंडी प्रांगण में श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे विधायक कृपलानी, लिया आशीर्वाद

स्मार्ट हलचल| निम्बाहेड़ा



कृषि उपज मंडी निम्बाहेड़ा प्रांगण में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक रामस्नेही संत श्री दिग्विजय राम जी महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा के दौरान उन्होंने नई पीढ़ी में संस्कारों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा देने से पहले माता-पिता एवं गुरुजनों के प्रति सम्मान का भाव सिखाना आवश्यक है। संत श्री दिग्विजय राम जी महाराज ने कहा कि संपत्ति केवल ‘विल’ बनाती है, जबकि संस्कार परिवार और समाज में ‘गुडविल’ का निर्माण करते हैं। उन्होंने समाज में बढ़ती भौतिकता और घटते संस्कारों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में माता-पिता की सेवा को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम भारतीय संस्कृति का हिस्सा नहीं रहे, बल्कि यह बदलती सोच और पाश्चात्य प्रभाव का परिणाम है। युवाओं को परिवार एवं बुजुर्गों से जुड़े रहने का संदेश देते हुए संत ने कहा कि सच्चा सुख और शांति घर में बड़ों के सम्मान एवं सेवा से ही प्राप्त होती है। कथा में ध्रुव, भक्त प्रह्लाद, जड़भरत, नृसिंह अवतार एवं अजामिल जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। ‘म्हारा चारभुजा रा नाथ’ एवं ‘सीताराम सीताराम कहिए’ जैसे भजनों की प्रस्तुति से पूरा मंडप भक्तिरस में सराबोर हो गया और श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने व्यासपीठ पर विराजित संत श्री दिग्विजय राम जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। संत ने उपरना ओढ़ाकर अतिथियों का अभिनंदन किया। कथा आयोजक बालचंद सोनी, सूरज कुमार सोनी, मनीष कुमार सोनी, नितेश कुमार सोनी एवं परिवारजनों ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत, वरिष्ठ नेता चंद्रमोहन गुप्ता, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, कमलेश बुनकर एवं भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह राठौड़ सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने कथा श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कथा स्थल पर पूरे दिन भक्ति, संस्कार एवं भारतीय संस्कृति की महत्ता का संदेश गूंजता रहा।

# बिट्ठल कुमार सनाढ्य प्रकृति संरक्षण के प्रदेश संयोजक नियुक्त

स्मार्ट हलचल



**बूंदी।** जिले के तलवास से भारत तिब्बत सहयोग मंच के चित्तौड़ प्रांत के प्रकृति संरक्षण प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक बिट्ठल कुमार सनाढ्य को नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कौशल ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय संयोजक (उत्तर पश्चिम क्षेत्र) शशि प्रकाश शर्मा की सहमति से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस नियुक्ति पर इंद्रेश कुमार एवं राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गुप्ता ने भी अपनी सहमति प्रदान की है।

नवनियुक्त प्रदेश संयोजक बिट्ठल कुमार सनाढ्य ने प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कौशल सहित संगठन के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की विचारधारा एवं प्रकृति संरक्षण के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। तलवास निवासी बिट्ठल कुमार सनाढ्य को प्राप्त जिम्मेदारी पर समाजसेवी मूलचंद शर्मा तलवास ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए अरविंद कौशल का आभार जताया है। सनाढ्य इस क्षेत्र में लगातार कार्यशील हैं ऐसे व्यक्ति को जिम्मेदारी देना उचित है।

# कलश यात्रा के साथ गोकुल विलेज में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ

### व्यासपीठ पूजन एवं भक्ति भाव के साथ प्रारंभ हुई सात दिवसीय कथा

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

शहर के सेक्टर 9 स्थित गोकुल विलेज कॉलोनी के श्री भोलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित संगीतमय सात दिवसीय ‘श्रीमद् भागवत कथा’ का भव्य शुभारंभ गुरुवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा प्रारंभ होने से पूर्व ही पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण छा गया तथा श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।



### भव्य कलश यात्रा निकाली गई

कथा के प्रथम दिन उज्जैन से पधारे आचार्य संदीप शर्मा द्वारा विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भागवत पोथी एवं कलश पूजन सम्पन्न करवाया गया। इसके पश्चात भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने लाल एवं पारंपरिक वेशभूषा धारण कर सिर पर कलश रखकर सहभागिता निभाई। मुख्य यजमान सूर्यप्रकाश व्यास एवं ओमलता व्यास ने परिवार सहित भागवत पोथी को सिर पर धारण कर यात्रा में भाग लिया। यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। महिलाएं भजनों पर झूमते हुए नृत्य करती नजर आईं, वहीं पुरुष श्रद्धालु भी भक्ति रस में डूबे हुए भजनों का आनंद लेते दिखाई दिए। पूरे मार्ग में ‘राधे-राधे’ एवं ‘जय श्रीकृष्ण’ के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

### भागवत केवल कथा नहीं, जीवन परिवर्तन का माध्यम है: पुष्कर दास महाराज

कथा प्रारंभ से पूर्व मुख्य यजमान परिवार द्वारा व्यासपीठ पूजन किया गया तथा पूज्य श्री पुष्कर दास महाराज का पगड़ी एवं उपरना ओढ़ाकर सम्मान किया गया। कथा के प्रथम दिवस महाराजश्री ने भागवत महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भागवत केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन परिवर्तन का माध्यम है। उन्होंने भागवत शब्द की व्याख्या करते हुए बताया कि ‘भ’ का अर्थ भक्ति, ‘ग’ का अर्थ ज्ञान, ‘व’ का अर्थ वैराग्य तथा ‘त’ का अर्थ त्याग है। महाराजश्री ने कहा कि जिसने भगवान को अपना मान लिया, उसने भागवत के वास्तविक सार को समझ लिया। प्रथम अध्याय की कथा में महाराजश्री ने आत्मदेव की कथा सुनाते हुए बच्चों पर माता-पिता को नियंत्रण रखने और बेटियों को सही शिक्षा देने की जरूरत बताई। संयोजक विठ्ठल वैष्णव ने बताया कि कथा के प्रथम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा श्रवण का लाभ लिया। कथा रोजाना शाम 4 से 7 बजे तक चल रही है। शनिवार को कथा में भगवान विष्णु एवं बालक ध्रुव के प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया जाएगा।

# श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर कन्वेंशन सेंटर में उदयपुर की प्रतिभाएं दिखाएगी हुनर

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर स्थित शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हो रहे ‘आरोहण’ नेशनल यूथ फेस्टिवल 2026 में इस बार उदयपुर संभाग की प्रतिभाएं राजस्थान का गौरव बढ़ाएंगी। केंद्र सरकार द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कथक आश्रम, उदयपुर की छात्राएं राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनी गई हैं।



इस राष्ट्रीय उत्सव में देश के चारों कोनों-उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम-से चुनी गई कुल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। उदयपुर की इन छात्राओं ने अपनी कड़ी मेहनत और कथक व पारंपरिक नृत्यों में अपनी महारत के दम पर इस मंच तक जगह बनाई है। जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक उदयपुर ने राजस्थान युवा बोर्ड एवं युवा मामले और खेल विभाग को सहमति पत्र भेजकर टीम की भागीदारी की पुष्टि की है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2026 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उदयपुर संभाग की इस टीम ने सामूहिक कथक नृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था, जिसके आधार पर इनका चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है।

इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम में कोच चंद्रकला चौधरी, हीरा लाल चैधरी के साथ शुभांगी जैन, गिनिका सुहालका, प्रियांशी जोशी, सेजल सुहालका और पूजा चौबीसा शामिल हैं।

# प्रतापपुरा में पंचमुखी बालाजी की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न, उमड़े हजारों भक्त

स्मार्ट हलचल

**छोटीसादड़ी।** क्षेत्र के प्रतापपुरा गाँव में नवनिर्मित श्री पंचमुखी बालाजी मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन पूर्ण आहुति और महाप्रसादी के साथ हुआ। पांच दिनों तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान पूरा क्षेत्र वैदिक मंत्रोच्चार और बालाजी के जयकारों से गुंजायमान रहा। अंतिम दिन शुभ मुहूर्त में नवनिर्मित शिखर पर कलश, ध्वजा और गर्भगृह में मूर्तियों की स्थापना विधि-विधान से संपन्न की गई। पांच दिवसीय यज्ञ-हवन और वैदिक अनुष्ठान इस महोत्सव के तहत पिछले पांच दिनों से मंदिर परिसर में विशेष यज्ञ-हवन का आयोजन किया जा रहा था। विद्वान पंडितों के सानिध्य में यजमानों ने आहुतियां देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। पांचवें दिन यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद मंत्रोच्चार के साथ देव विग्रहों का



जलाधिवास, अन्नाधिवास कराकर प्राण प्रतिष्ठा की रस्म पूरी की गई। शिखर पर कलश-ध्वजा और देव मूर्तियों की स्थापना धार्मिक परंपराओं के अनुसार, मुख्य नवनिर्मित मंदिर और पुराने हनुमान मंदिर पर दानदाताओं व लाभार्थियों द्वारा कलश, ध्वजा व मूर्तियाँ स्थापित की गईं: नवनिर्मित पंचमुखी बालाजी मंदिरः स्वर्ण कलश स्थापनाः शौकीन धाकड़ (पिता रामचंद्र जी धाकड़) द्वारा मंदिर के मुख्य शिखर पर कलश स्थापित किया गया। धर्म ध्वजा आरोहणः रामेश्वर धाकड़ (पिता सुखलाल जी धाकड़) द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ ध्वजा फहराई गई। पंचमुखी बालाजी मूर्तिः रामेश्वर रावत (पिता देवीलाल जी रावत) ने मुख्य गर्भगृह में बालाजी की भव्य प्रतिमा स्थापित की। शिव परिवार मूर्तिः मुकेश धाकड़ (पिता डालचंद जी धाकड़) द्वारा शिव जी की प्रतिमा सविधि स्थापित की गई। प्राचीन हनुमान मंदिरः कलश स्थापनाः रामेश्वर लाल धाकड़ (पिता भेरुलाल जी धाकड़) ने पुराने मंदिर के शिखर पर कलश रखा।

ध्वजा स्थापनाः जगदीश चंद्र धाकड़ (पिता सुखलाल जी धाकड़) द्वारा ध्वजा चढ़ाई गई। बैंड-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा और उत्साह प्रतिष्ठा के दौरान प्रतापपुरा गाँव में उत्सव जैसा माहौल देखा गया। बैंड-बाजे की मधुर धुनों, ढोल- नगाड़ों और भजनों पर श्रद्धालु जमकर थिरके। ग्रामीणों ने जगह- जगह पुष्प वर्षा कर इस धार्मिक आयोजन का स्वागत किया। महिलाओं ने पारंपरिक मंगल गीत गाए, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। विशाल महाप्रसादी का आयोजन धार्मिक कार्यक्रम के सफल समापन के बाद मंदिर समिति और ग्रामीणों के सहयोग से एक विशाल भंडारे (महाप्रसादी) का आयोजन किया गया। इस महाप्रसादी में प्रतापपुरा सहित आसपास के दर्जनों गांवों से बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बुजुर्ग भक्तजन पहुंचे। सभी श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर प्रसादी ग्रहण की और पंचमुखी बालाजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

# स्व. भैरोंसिंह शेखावत की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

## विधायक कृपलानी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया माल्यार्पण

स्मार्ट हलचल| निम्बाहेड़ा

देश के पूर्व उपराष्ट्रपति एवं राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय भैरोंसिंह शेखावत की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को निम्बाहेड़ा स्थित शेखावत सर्कल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्व. शेखावत की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि स्व. भैरोंसिंह शेखावत भारतीय राजनीति के प्रेरणादायी व्यक्तित्व थे, जिन्होंने संघर्ष, सादगी एवं जनसेवा के बल पर देशभर में विशिष्ट पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि शेखावत ने सदैव



समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान को प्राथमिकता दी तथा ‘अंत्योदय’ की भावना को राजनीति का आधार बनाकर गरीब, किसान, मजदूर एवं पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं लागू कीं।


कृपलानी ने कहा कि स्व. शेखावत का संपूर्ण जीवन सेवा, संवेदनशीलता एवं संगठन के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है। उनका व्यक्तित्व आज भी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बना हुआ है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रहलाद सोनी, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष पारस पारख, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, कमलेश बुनकर, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक उमेश तोतला, वरिष्ठ नेता प्रकाश धींग, भाजपा जिला प्रवक्ता मानवेंद्र सिंह चौहान, नगर प्रवक्ता सुनील चाष्टा, नगर उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौड़, नगर मंत्री जगदीश माली, धर्मपाल जाट, आशीष बोड़ाना, रतन वैष्णव, शिवनारायण कुमावत, सोशल मीडिया जिला सह संयोजक दीपक अग्रवाल, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह राठौड़, भाजयुमो नगर मंत्री हितेश जोशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# यूनानी चिकित्सा का लाभ चिकित्सक की लापरवाही के कारण पीड़ितो को नहीं मिल पा रहा

स्मार्ट हलचल|बूंदी

राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय बालचंद पाडा में लगभग 5 वर्ष पुर्व यूनानी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर हासन हमीद की नियुक्ति कर, सरकार ने यूनानी चिकित्सा का लाभ पीड़ित व्यक्तियों को मिले इसलिए यूनानी चिकित्सालय के लिए भवन उपलब्ध नहीं होने के बावजूद एक रुम आयुर्वेद चिकित्सालय बूंदी में उपलब्ध करवा कर यूनानी चिकित्सा सेवाएं शुरू की। लेकिन यहां पर कार्यरत डाक्टर हासन हमीद यूनानी चिकित्सा अधिकारी की सेवाएं अधिकारी की लापरवाही व लेट लतीफ के कारण उपलब्ध नहीं हो पा रही। क्योंकि कई पीड़ित व्यक्तियों को तो यह भी पता नहीं है कि यहां पर यूनानी चिकित्सा भी उपलब्ध



है। क्योंकि 5 साल बाद भी यूनानी चिकित्सा अधिकारी ने अपने रूम के बाहर एक बोर्ड तक इस आशय का नहीं लगाया कि यहां पर यूनानी चिकित्सा उपलब्ध है।

अधिकांश समय पर यूनानी चिकित्सा अधिकारी का रुम बंद ही रहता है जबकि यहा पर सरकार द्वारा एक कंपाउंडर की भी नियुक्ति की हुई है। ओर सरकार द्वारा निशुल्क दवा योजना में यूनानी चिकित्सा हेतू दवाईयां भी चिकित्सालय को उपलब्ध कराई जाती है। फिर भी यहां आने वाले पीडितो को सरकारी दवाइयां उपलब्ध नहीं हो रही हैं।अब सवाल यह उठता है कि जब चिकित्सा अधिकारी ही अस्पताल मे उपलब्ध नहीं है तो सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही दवाइयां कहां जा रही है। यह एक जांच का विषय है।

आज अलोद गांव से आऐ पीड़ित मरीज मोहम्मद उस्मान ने यूनानी चिकित्सा के बारे में पूछा,उस समय दोपहर के 12 बजे थे। लेकिन यूनानी चिकित्सा अधिकारी अपने रूम में उपलब्ध नहीं थे वहां पर मौजूद कंपाउंडर से इस बारे में जानकारी ली तो पता चला कि डॉक्टर साहब अभी नहीं आऐ है। जिला प्रशासन इसे गंभीरता से लेते हुए यूनानी चिकित्सक को समय पर आने के लिए निर्देशित किया जाए। कि यूनानी चिकित्सा अधिकारी समय पश्र अस्पताल पहुंचे। अस्पताल खुलने का समय प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक का है।

# बिजयनगर में रक्तदान शिविर, 110 यूनिट रक्त संग्रहित

स्मार्ट हलचल

**बिजयनगर।** श्री अग्रसेन मंडल, बिजयनगर के तत्वावधान में शुक्रवार को एन. चंद्रा पैलेस में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर स्वर्गीय सत्यनारायण अग्रवाल एवं स्वर्गीय आशा अग्रवाल की पुण्य स्मृति में लगाया गया। रामस्नेही ब्लड बैंक,



भीलवाड़ा के सहयोग से आयोजित शिविर में युवाओं, समाजसेवियों, श्री अग्रसेन नवयुवक मंडल, महिला मंडल एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में कुल 110 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

मंडल अध्यक्ष विजय बिंदल ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलता है। शिविर को सफल बनाने में मंडल कार्यकर्ताओं एवं ब्लड बैंक टीम का विशेष सहयोग रहा। जानकारी सूचना मंत्री अशोक अग्रवाल ने दी।

# दो दिन पूर्व गिरा पोल अभी तक नहीं हुआ ठीक विद्युत विभाग की लापरवाही, हो सकता है हादसा

स्मार्ट हलचल|बूंदी

शहर वार्ड नंबर 58 में कुदालों की गली में गिरा विधुत पोल, विद्युत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते स्थानीय निवासीयों की सूचना के बाद भी अभी तक ठीक नहीं किया गया, इससे ऐसा लगता है शायद विद्युत विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। स्थानीय निवासीयों का कहना है कि सूचना देने के बाद अधिकारियों ने कहा कि बिजली चालू है या नहीं हमने कहा बिजली तो चालू है, लेकिन पोल गिर गया तो कभी भी कोई बडा हादसा हो सकता है। लेकिन हमारी बात को विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा नहीं सुना गया। और 2 दिन पूर्व टूटा पोल अभी तक ठीक नहीं किया।

पोल अभी भी सामने के मकान पर टिका हुआ है जो कभी भी जानवरों व बंदरों के उत्पात से निचे गिर सकता है ओर बडा हादसा हो सकता है इससे किसी की जॉन भी जा सकती हैं। लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारी कुंभकरण की नींद सो रहे हैं। जिला प्रशासन को कार्यवाही करते हुए पोल को शीघ्र ही सही करवाने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर ,किसी हादसे को रोकना चाहिए।

पोल टूटने की सूचना सहायक अभियंता बिजली विभाग दी। लेकिन सूचना देने के बाद भी साइड पर बिजली विभाग का कोई कर्मचारी अभी तक नहीं पहुंचा है । शायद विभाग किसी हादसे का इंतजार कर रहा है।



स्थानीय निवासीयों ने बताया कि पोल पर बदंरो के लडने से पोल नीचे से टूट कर सामने वाले मकान पर जा गिरा,अगर पोल नीचे गिरता तो शायद कोई बड़ा हादसा हो सकता था लेकिन पल के टूटकर सामने के मकान पर टिक जाने के कारण कोई हादसा नहीं हुआ और मोहल्ले की विधुत सप्लाई भी बाधित रही हुई। लेकिन बिजली विभाग द्वारा अभी तक साइट पर किसी कर्मचारी को नहीं पहुंचाने के कारण स्थानीय निवासीयों में भय का माहोल बना हुआ है।

संबंधित अधिकारियों को चाहिए कि समय रहते पोल को सही करे ताकि किसी होने वाले हादसे से स्थानीय निवासीयों को बचाया जा सके।

# नीट पेपर लीक: सांगोद में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री का पुतला फूंक कर एनटीए को भंग करने की उठाई मांग

स्मार्ट हलचल

**सांगोद।** नीट परीक्षा 2026 में सामने आई अनियमितताओं और पेपर लीक की घटनाओं के खिलाफ कांग्रेस आक्रामक हो गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बुधवार (15 मई) को सांगोद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ के विरोध में उग्र प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पुरानी तहसील रोड पर एकत्रित होकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ।

### सड़कों पर गूंजे एनटीए को भंग करने के नारे

यह विरोध प्रदर्शन जिला देहात कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) के अध्यक्ष



असरार अहमद के नेतृत्व में आयोजित किया गया। प्रदर्शन के दौरान ‘युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद करो’, ‘एनटीए को भंग करो’ और ‘पेपर लीक बंद करो’ जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को तत्काल प्रभाव से भंग करने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की पुरजोर मांग की।

इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया। वक्ताओं ने कहा कि लगातार तीसरी बार देश की सबसे महत्वपूर्ण नीट परीक्षा का पेपर लीक होना अत्यंत गंभीर और चिंताजनक विषय है। दो-दो साल तक दिन-रात कड़ी मेहनत करने वाले 22 लाख से अधिक परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों का परीक्षा प्रणाली से विश्वास उठ चुका है। एनटीए की लापरवाही के कारण आज देश का युवा मानसिक तनाव और असुरक्षा के दौर से गुजर रहा है। नेताओं ने आरोप लगाया कि जो केंद्र सरकार युवाओं को रोजगार देने में पहले ही विफल साबित हुई है, वह अब पारदर्शी ढंग से प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित करवाने में भी पूरी तरह नाकाम है। उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस पार्टी युवाओं के अधिकारों और उनके सुरक्षित भविष्य के लिए सड़क से लेकर संसद तक अपना संघर्ष जारी रखेगी। विद्यार्थियों के साथ यह अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला देहात अल्पसंख्यक अध्यक्ष असरार अहमद, कांग्रेस नगर अध्यक्ष मनोज सुवालका, पूर्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत और पूर्व सरपंच फूलचंद गोचर सहित अन्य कई कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 13 साल से फरार 5,000 के दो इनामी ठग गिरफ्तार; 1200 किमी पीछा कर रायपुर पुलिस ने रावतभाटा से दबोचा

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** रायपुर थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए पिछले 13 वर्षों से फरार चल रहे दो शातिर इनामी अपराधियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपियों पर रू. 5,000 का इनाम घोषित था और वे न्यायालय से स्थाई वारंटी भी थे। पुलिस टीम ने करीब 1200 किलोमीटर तक आरोपियों का पीछा कर उन्हें चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा से धर दबोचा।

### 'यूलिफ फॉर्च्यून' कंपनी बनाकर की थी लाखों की ठगी

घटना 12 सितंबर 2013 की है, जब हरिपुर (रायपुर, जिला ब्यावर) निवासी श्यामलाल ने रायपुर थाने में मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2010 में जोधपुर निवासी आरोपियों ने ग्राम दीपावास में टेंट और माइक लगाकर 'यूलिफ फॉर्च्यून' नामक एक फर्जी चिटफंड स्कीम का जमकर प्रचार-प्रसार किया था।

आरोपियों ने खुद को इस कंपनी का मालिक बताते हुए ग्रामीणों को झांसा दिया कि: प्रत्येक व्यक्ति को कंपनी में रू. 3200 जमा कराने होंगे। इसके बदले कंपनी उन्हें व्यक्तिगत दुर्घटना और अस्पताल खर्च की पॉलिसी देगी। 4 साल के भीतर दुर्घटना में मृत्यु होने पर रू. 1,25,000 और स्वाभाविक मृत्यु होने पर रू. 50,000 का बीमा क्लेम दिया जाएगा। ज्यादा से ज्यादा सदस्य (चेन सिस्टम) बनाने पर भारी मुनाफे का लालच भी दिया गया।

भोले-भाले ग्रामीणों ने अपने रिश्तेदारों से रू. 3200-3200 इकट्ठे कर कंपनी में जमा करवा दिए। इसके बाद आरोपी लाखों रुपये हड़प कर अपने जोधपुर स्थित कार्यालय पर ताला लगाकर रातों-रात फरार हो गए।

### 13 साल तक पुलिस को छकाते रहे आरोपी

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी मूल रूप से बीकानेर के रहने वाले थे, लेकिन ठगी के बाद वे बीकानेर से भी अपना घर छोड़ कर गायब हो गए। पुलिस को कोई सुराग न मिलने पर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपियों पर रू. 5,000 का इनाम घोषित किया गया। काफी तलाश के बाद भी जब आरोपी नहीं मिले, तो माननीय न्यायालय ने उनके खिलाफ स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया और पुलिस ने धारा 299 सीआरपीसी के तहत कोर्ट में चार्जशीट पेश की।

ऐसे जाल में फंसे आरोपी (1200 किमी पीछा कर दबोचा)

जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर, श्री रतन सिंह के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अनुकृति उज्जैनिया के सुपरविजन में वांछित अपराधियों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया गया।

रायपुर थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने बीकानेर जाकर गोपनीय रूप से आसूचना संकलन किया और तकनीकी सहायता का गहन विश्लेषण किया। जांच में पता चला कि आरोपी गिरफ्तारी के डर से पिछले 13 साल से बीकानेर छोड़कर चित्तौड़गढ़ के रावतभाटा में नाम बदलकर रह रहे थे। पुलिस टीम ने तुरंत जाल बिछाया और करीब 1200 किलोमीटर तक आरोपियों का पीछा करते हुए उन्हें रावतभाटा से गिरफ्तार कर लिया।

### गिरफ्तार आरोपियों का विवरण

बलवंत कुमार उर्फ बलवंत पंवार (68 वर्ष) पुत्र चुन्नीलाल, जाति सिकलीघर लोहार (निवासी: नयाशहर, बीकानेर। हाल निवासी: गणेश नगर, बिजलीघर के पीछे, रावतभाटा, चित्तौड़गढ़)

वतन कुमार उर्फ वतन पंवार (36 वर्ष) पुत्र बलवंत कुमार (निवासी: नयाशहर, बीकानेर। हाल निवासी: गणेश नगर, रावतभाटा, चित्तौड़गढ़)

### दर्ज मुकदमा और धाराएं:

प्रकरण संख्या: 339 दिनांक 12.09.2013 धाराएं: 418, 420, 406 भादसं और 3, 4, 5 इनामी चिटफंड एवं धन परिचालन (पाबंदी) अधिनियम 1975

पुलिस टीम की मुख्य भूमिका: आरोपियों को पकड़ने में रायपुर थाने की इस विशेष टीम का सराहनीय योगदान रहा: मनोहरलाल, सहायक उपनिरीक्षक

विशेष योगदान: मनोज, कांस्टेबल (नंबर 510), सोमवीर, कांस्टेबल (नंबर 469)

## संयुक्त व्यापार संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित




स्मार्ट हलचल | बानसूर

कस्बे में शुक्रवार को संयुक्त व्यापार संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि उप-स्थत रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक देवीसिंह शेखावत ने नई कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोशन लाल सैनी सहित सभी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों ने व्यापारियों के हितों की रक्षा, संगठन को मजबूत बनाने तथा सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

इस दौरान विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि व्यापारी वर्ग किसी भी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है। उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और बेहतर बाजार व्यवस्था के लिए संगठित रहने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# ब्यावर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया भगवान शांतिनाथ का जन्म, तप व मोक्ष कल्याणक महोत्सव

**जिनालयों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, नसियां जी में हुआ स्वर्ण कलशाभिषेक; चढ़ाए गए निर्वाण मोदक**

स्मार्ट हलचल

श्री दिगंबर जैन समाज द्वारा शुक्रवार को देवाधिदेव 1008 श्री शांतिनाथ भगवान का जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर ब्यावर शहर के सभी दिगंबर जैन जिनालयों में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रही। मंदिरों में भगवान शांतिनाथ का भक्तिभाव से अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं विधान संपन्न हुए, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया।

### नसियां जी में गूंजे जयकारे, परिवारों को मिला अभिषेक का सौभाग्य

दिगंबर जैन समाज के प्रवक्ता अमित गोधा ने बताया कि मुख्य आयोजन 'श्री दिगंबर जैन पंचायत नसियां जी' में संपन्न हुआ। यहाँ



भगवान शांतिनाथ का प्रथम स्वर्ण कलशाभिषेक एवं शांतिधारा बड़े ही भक्तिभाव के साथ की गई। इस अवसर पर दीपक-अभिनव जैन, महेश जैन, नीरज-मोहित जैन, सुनील विविध जी जैन चौधरी तथा शशिकांत-राहुल गदिया परिवार को स्वर्ण कलश से अभिषेक व शांतिधारा करने का पुण्य सौभाग्य प्राप्त हुआ। पूरा मंदिर परिसर भगवान शांतिनाथ के जयघोष और भक्तिमय भजनों से गुंजायमान रहा।

### विश्व कल्याण की प्रार्थना और निर्वाण मोदक का अर्पण

महोत्सव के दौरान महिलाओं द्वारा मंगलाचरण और भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। श्रद्धालुओं ने भगवान शांतिनाथ के जीवन चरित्र और त्याग को याद करते हुए उनके बताए सत्य, अहिंसा एवं संयम के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। भगवान शांतिनाथ के मोक्ष कल्याणक के उपलक्ष्य में ब्यावर के सभी जिनालयों में श्रद्धापूर्वक निर्वाण मोदक चढ़ाए गए। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक आरती और भक्तामर पाठ का आयोजन हुआ, जहाँ श्रद्धालुओं ने देश और विश्व में सुख-शांति की कामना की।

### समाज के प्रबुद्ध जन रहे उपस्थित

इस भव्य धार्मिक महोत्सव में समाज के अध्यक्ष अशोक काला, मंत्री विजय फागीवाला, शशिकांत गदिया, जम्बू कुमार रावका, राजकुमार पहाड़िया, कमल रावका, दिनेश अजमेरा, अतुल पाटनी, नवीन बाकलीवाल, विकल कासलीवाल, आशीष बाकलीवाल, कल्पेश जैन सहित जैन समाज के सैकड़ों महिला, पुरुष और बच्चे उपस्थित रहे। पूरे दिन जिनालयों में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा और माहौल पूरी तरह धर्ममय बना रहा।

# अमृतकोर अस्पताल में गूंजा सेवा का संकल्प: स्व. एस.एन. शर्मा और स्व. उदय सिंह की पुण्यतिथि पर बंधे परिंडे

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** स्थानीय अमृतकोर अस्पताल परिसर में श्री जीव दया सेवा संस्था (रजि.) परिवार द्वारा एक अनूठी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। संस्था सदस्यों ने दृष्टि सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय श्री एस. एन. शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि और भारतीय सेना के वीर जवान स्वर्गीय श्री उदय सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर अस्पताल परिसर में पक्षियों के लिए पानी के परिंडे बांधकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।




### नेत्रदान के प्रणेता थे स्व. शर्मा

संस्था सचिव कपिल सेन ने स्व. श्री एस. एन. शर्मा के सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि ब्यावर शहर में उनके द्वारा जगाई गई 'नेत्रदान महादान' की अलख आज हजारों लोगों के जीवन में रोशनी का नया सवेरा लेकर आई है। समाज सेवा के प्रति उनका निस्वार्थ समर्पण और जागरूकता के प्रयास आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

### 1965 युद्ध के नायक थे स्व. उदय सिंह

इस दौरान संस्था सदस्य नारायण सिंह गणेशपुरा ने अपने पिता स्व. श्री उदय सिंह के देश सेवा के सफर को साझा किया। उन्होंने बताया कि टाटगढ़ क्षेत्र के डांसरियां गांव में जन्मे उदय सिंह जी ने भारतीय सेना में रहकर देश की रक्षा की। वर्ष 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में उनकी वीरता और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें सेना द्वारा प्रतिष्ठित 'स्टार अवार्ड' से सम्मानित किया गया था।

### पक्षियों की सेवा का लिया संकल्प

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने दोनों दिवंगत आत्माओं के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही, गर्मी के मौसम को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के संरक्षण और जीव दया का सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जीव दया संस्था के अध्यक्ष लालचंद सांखला, दृष्टि सेवा संस्थान के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, समाजसेवी मुकेश बंग, कैलाश शेखावत, प्रकाश माली, मयंक सेन, योगेश शर्मा, पुखराज सिंह, सचिन चौहान, बबलू यादव, जय सेन और वैभव सांखला सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा नगर मंडल चित्तौड़गढ़ द्वारा भैरोंसिंह शेखावत को दी श्रद्धांजलि



स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल चित्तौड़गढ़ द्वारा भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के संस्थापक स्तंभ स्वर्गीय भैरोंसिंह शेखावत की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय शेखावत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को नमन किया।भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाड़री ने कहा कि भैरोंसिंह शेखावत केवल एक नेता नहीं, बल्कि संगठन और जनसेवा की जीवंत पाठशाला थे। उन्होंने अपने संघर्ष, सादगी और कार्यशैली से राजनीति में नई मिसाल कायम की। उनका जीवन प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्रोत है।

भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव त्यागी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भैरोंसिंह शेखावत ने राजस्थान में भाजपा संगठन को मजबूत आधार प्रदान किया। उनका व्यक्तित्व और विचारधारा आज भी कार्यकर्ताओं को जनसेवा के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से शेखावत के बताए मार्ग पर चलकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री रघु शर्मा, हर्षवर्धन सिंह रूद, जिला मंत्री गोवर्धन जाट, आईटी जिला संयोजक नंदकिशोर लौहार, पूर्व न्यास अध्यक्ष सुरेश झंवर, पूर्व नगर अध्यक्ष नरेंद्र पोखरना, पूर्व नगर महामंत्री अनिल ईनाणी उपस्थित थे।

# कर्तव्यनिष्ठ कार्मिक सदैव सम्मान के हकदार- वर्मा

**एनटीपीसी सरकारी विद्यालयों के विकास में कर रही सहयोग- जाट**

स्मार्ट हलचल

ग्राम लोचूकाबास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को ग्रामीण एवं विद्यालय परिवार की ओर से कार्मिक अभिनंदन समारोह का आयोजन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि भाजपा एससी मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गणपत वर्मा, विशिष्ट अतिथि सीबीओ शाहपुरा पवन जाट,पूर्व प्रधानाचार्य काशी प्रसाद शर्मा, पीईईओ सायर लाखीवाल, बंशीधर पटवारी, रीछपाल यादव, पूर्व एएओ बाबूलाल शर्मा, तेजपाल यादव रहे। एवम् अध्यक्षता प्रधानाचार्य नरेन्द्र अग्रवाल ने की। इस दौरान विद्यालय के कार्मिक एएओ हरलाल सिंह का



माल्यार्पण कर साफा पहनाकर एवं अभिनन्दन पत्र सहित अन्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर बीजेपी एससी मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गणपत वर्मा ने कहा कि कर्तव्यनिष्ठ कार्मिक सदैव सम्मान के हकदार होते हैं। सभी कार्मिकों को पूर्णरूप से सरकारी कार्य को पूर्ण मनोयोग में सहयोग देना चाहिए। सीबीओ जाट ने कहा कि एनटीपीसी शाहपुरा ब्लॉक में सरकारी विद्यालयों के विकास में सहयोग कर रही है!

पूर्व में एनटीपीसी के द्वारा सरकारी विद्यालय में प्रयोगशालाएं बनवाई गई है। अब आगामी समय में अन्य कार्य भी करवाए जाएंगे। वही विद्यार्थी रमेश यादव, श्रीराम यादव, विजय वर्मा , सहित व्याख्याता मनोज शर्मा, उप प्रधानाचार्य राहुल शर्मा, मनोज शर्मा सहित ने भी उद्बोधन दिया।मंच संचालन व्याख्याता रोहिताश डूडी ने किया। इस दौरान ने विद्युत निगम में कनिष्ठ अभियंता महेंद्र कुमार, शिक्षिका कोमल, प्रधानाचार्य मनोज शर्मा, राहुल शर्मा रामकरण ढबास, फूलचंद भढाना, श्रीराम, धोलू राम गुर्जर, शैतान सहित विद्यार्थी एवं शिक्षण स्टाफ मौजूद थे।

## सर्राफा व्यवसाई की दुकान की दीवार तोडी, आभूषण चुराए

स्मार्ट हलचल | सूरौठ



कस्बे के मुख्य बाजार में स्थित सर्राफा व्यवसाई विनोद गोयल की दुकान की दीवार तोड कर बीती रात्रि को चोर दुकान में घुस गए तथा चांदी सोने के आभूषणों को चुरा ले गए। शुक्रवार को तड़के पडौसी ने जब दुकान की दीवार टूटी देखी तो चोरी की वारदात का पता चला। चोरी की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी कालीचरण शर्मा, एएसआई साहब सिंह गुर्जर एवं अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तथा वारदात का मुआयना किया।

सर्राफा व्यवसाई विनोद गोयल ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि रात्रि को दुकान की पीछे से दीवार तोड कर तथा जीने के गेट को तोड़कर चोर उसकी दुकान में घुस गए तथा काउंटर में रखे सोने चांदी के जेवरातों को चुरा ले गए। रिपोर्ट में यह स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है कि कितने आभूषण चोरी हुए हैं। शुक्रवार को तड़के 5:18 बजे के करीब पडौसी अरुण गोयल ने जब दुकान की दीवार टूटी हुई देखी तो अरुण ने दुकान मालिक विनोद गोयल को फोन कर इस बारे में सूचना दी। व्यवसाई विनोद ने दुकान पर आकर शटर खोली तो चोरी की वारदात का पता लगा। इसके पश्चात कस्बे के लोगों ने थाने पहुंच कर थाना प्रभारी कालीचरण शर्मा से चोरी की वारदात का खुलासा करवाने की मांग की। थाना प्रभारी कालीचरण शर्मा ने बताया कि पुलिस चोरी का पर्दाफाश करने का प्रयास कर रही है।

## ग्राम स्वास्थ्य जागरूकता योग रैली का आयोजन, योग अपनाने का दिया संदेश

स्मार्ट हलचल | बानसूर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कें प्रचार-प्रसार एवं योग व आयुर्वेद कें प्रति ग्रामीणों कों जागरूक करने के उद्देश्य से राजकीय आयुर्वेद औषधालय,आयुष्मान आरोग्य मंदिर गूंता ब्लॉक बानसूर के तत्वावधान में सहायक निदेशक डॉ. मुकेश कुमार आर्य के निर्देशन में ग्राम स्वास्थ्य जागरूकता योग रैली का आयोजन किया गया।र-ैली कों आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी प्रभारी व आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना कें जिला सहायक नोडल अधिकारी डॉ. रजनीकांत घीलोटिया नें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान योग प्रशिक्षकों द्वारा ग्रामीणों को योगाभ्यास करवातें हुए ग्रामीणों और विद्यार्थियों को योग के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही विद्यार्थियों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में औषधीय पौधों के महत्व,वृक्षारोपण और उनके उपयोग की जानकारी दी गई एवं औषधालय में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी देकर ब्रोशर भी वितरित किए गए। प्रभारी अधिकारी डॉ. रजनीकांत घीलोटिया ने कहा कि योग व्यक्ति के आध्यात्मिक, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने आमजन से प्रतिदिन योग करने तथा आयुर्वेद को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

## महुवा में धूमधाम से मनाई जाएगी सम्राट पृथ्वीराज चौहान जयंती

**आज राजपूत छात्रावास महुवा में होगा भव्य आयोजन, क्षत्रिय समाज में उत्साह का माहौल**

स्मार्ट हलचल

**महुवा।** विधानसभा क्षेत्र के क्षत्रिय समाज के लिए गौरव और प्रेरणा का प्रतीक बनने जा रहा सम्राट पृथ्वीराज चौहान जयंती समारोह इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। श्री राजपूत सभा महुवा द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम 16 मई 2026 को प्रातः 11:00 बजे श्री राजपूत छात्रावास महुवा में आयोजित होगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राजपूत सभा महुवा के अध्यक्ष दशरथ सिंह नरूका करेंगे। आयोजन को लेकर समाज के युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। समारोह में सम्राट पृथ्वीराज चौहान के शौर्य, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

समाज के लोगों का कहना है कि पृथ्वीराज चौहान केवल एक राजा नहीं बल्कि भारतीय वीरता, स्वाभिमान और संस्कृति के प्रतीक थे। उनके जीवन से नई पीढ़ी को साहस, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा मिलती है। इसी उद्देश्य से हर वर्ष उनकी जयंती को गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है।

श्री राजपूत सभा महुवा के सचिव विजय बहादुर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में तहसील महवा-मंडावर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग भाग लेंगे। समाजसेवी विनोद सिंह यादव ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

उन्होंने समस्त क्षत्रिय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर आयोजन की शोभा बढ़ाने और समाज की एकता का परिचय देने की अपील की है।

# अवैध हथियारों के साथ 3 बदमाश गिरफ्तार, 2 पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशन में अवैध हथियार तस्करों और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत साकेतनगर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो अवैध पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों में से एक आरोपी ब्यावर सिटी थाने के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ब्यावर) डॉ. अनुकृति उज्जैनिया और वृताधिकारी राजेश कसाना के सुपरविजन में साकेतनगर पुलिस की दो सप्ताह के भीतर यह तीसरी बड़ी कार्रवाई है।

### मुखबिर की सूचना पर दबोचे गए बदमाश

जानकारी के अनुसार, 14 मई को साकेतनगर थानाप्रभारी गणपत राम (उप निरीक्षक) के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से अवैध हथियारों के संबंध में पुख्ता सूचना मिली। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौखम सिंह (22) और ब्यावर सिटी थाने के प्रकरण में धारा 299 जा0फौ0 के तहत फरार चल रहे शातिर अपराधी नरेन्द्र सिंह उर्फ नरू (30) को घेराबंदी कर दस्तयाब किया। तलाशी लेने पर इनके पास से एक अवैध पिस्टल, मैगजीन और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

### पूछताछ के बाद दूसरा साथी 'जीरो पुलिया' से गिरफ्तार

गिरफ्तारी के बाद जब पुलिस ने नरेन्द्र सिंह उर्फ नरू से हथियारों की खरीद-फरोख्त को लेकर कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने एक और बड़ा खुलासा किया। उसने बताया कि उनका एक अन्य साथी ललीत गुर्जर (21) भी एक अवैध पिस्टल बेचने की फिराक में ब्यावर आया हुआ है और वह जीरो पुलिया के पास खड़ा है। थानाप्रभारी ने बिना वक्त गंवाए ड्यूटी ऑफिसर शंकर लाल (हैड कांस्टेबल) को जाप्ते के साथ मौके पर रवाना किया। पुलिस टीम ने जीरो पुलिया पर दबिश देकर संदिग्ध ललीत गुर्जर को दबोच लिया। जामा तलाशी में उसके पास से भी एक अवैध पिस्टल और मैगजीन बराम

### मुख्य आरोपी पर दर्ज हैं 7 गंभीर मामले

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नरेन्द्र सिंह उर्फ नरू एक आदतन अपराधी है। इसके खिलाफ पहले से ही ब्यावर, जवाजा और उदयपुर के थानों में मारपीट, लूट, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट जैसी गंभीर धाराओं में 7 मुकदमे दर्ज हैं।

### कोर्ट ने भेजा पुलिस रिमांड पर

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ साकेतनगर थाने में प्रकरण संख्या 166/2026 और 167/2026 दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। शुक्रवार को तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से पुलिस ने उनका पीसी (पुलिस कस्टडी) रिमांड हासिल किया है। पुलिस अब आरोपियों से यह पता लगाने में जुटी है कि वे यह हथियार कहाँ से लाए थे और किसे सप्लाई करने वाले थे।

### इस टीम को मिली सफलता

इस पूरी कार्रवाई में थानाप्रभारी गणपत राम, साइबर सेल के एएसआई सरफराज, हैड कांस्टेबल शंकर लाल, कांस्टेबल हनुमान सहाय, नेहरूलाल, रणजीत, किशनाराम, राजेन्द्र, कृष्ण कुमार, दिनेश डांगा और जालाराम की मुख्य भूमिका रही।

# किडनी-लिवर के लिए फायदेमंद है किशमिश का पानी

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक किशमिश ही नहीं, किशमिश का पानी भी आपकी सेहत के लिए वरदान साबित हो सकता है। अगर आप हर रोज किशमिश का पानी पीते हैं, तो आपके पूरे शरीर पर ढेर सारे पॉजिटिव असर पड़ सकते हैं। सेहत से जुड़ी कई समस्याओं का शिकार बनने से बचने के लिए भी आप औषधीय गुणों से भरपूर इस ड्रिंक को पीना शुरू कर सकते हैं।

## किडनी-लिवर के लिए फायदेमंद



आपकी जानकारी के लिए बता दें कि किशमिश का पानी आपकी किडनी के फंक्शन को सुधारने में मदद करता है। इसके अलावा इस ड्राई फ्रूट का पानी लिवर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में भी कारगर साबित हो सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक बॉडी को डिटॉक्स करने के लिए ये एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है।

## मजबूत बनाए दिल की सेहत

अगर आप हाई ब्लड प्रेशर की समस्या पर काबू पाना चाहते हैं, तो किशमिश का पानी पीना शुरू कर दीजिए। किशमिश का पानी पीने से आप अपने दिल की सेहत को मजबूत बनाकर दिल से जुड़ी गंभीर और जानलेवा बीमारियों के खतरे को कम कर सकते हैं। इसके अलावा फाइबर रिच किशमिश का पानी आपकी गट हेल्थ के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है।

## हड्डियों के लिए फायदेमंद

क्या आप जोड़ों के दर्द की समस्या से छुटकारा पाकर अपनी हड्डियों को मजबूत बनाना चाहते हैं? अगर हां, तो आपको किशमिश के पानी को अपने डेली डाइट प्लान में शामिल कर लेना चाहिए। इसके अलावा एनीमिया से बचने के लिए भी किशमिश का पानी पीने की सलाह दी जाती है। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए सही मात्रा में और सही तरीके से किशमिश का पानी पीना बेहद जरूरी है।

# विटामिन बी12 की अधिकता से हो सकते हैं ये रोग

विटामिन बी12 की कमी की वजह से सेहत पर पड़ने वाले नेगेटिव असर के बारे में ज्यादातर लोग जानते होंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस विटामिन की अधिकता की वजह से भी आपकी सेहत पर कुछ साइड इफेक्ट्स पड़ सकते हैं? कुल मिलाकर किसी भी चीज की कमी या फिर अति सेहत पर भारी पड़ सकती है। यही वजह है कि आपको किसी भी पोषक तत्व को संतुलित मात्रा में ही अपने डाइट प्लान में शामिल करना चाहिए।



## सिर में दर्द/चक्कर

अगर आपके शरीर में विटामिन बी12 की ज्यादा मात्रा चली जाए, तो आपको मतली, सिर में दर्द या फिर चक्कर की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। अगर आप इस तरह की समस्याओं से बचना चाहते हैं तो आपको विटामिन बी12 का इंजेक्शन लेने से पहले डॉक्टर से कंसल्ट जरूर करना चाहिए।

## हार्ट हेल्थ पर पड़ सकता है असर

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि विटामिन बी12 की अधिकता आपकी हार्ट हेल्थ पर भारी पड़ सकती है। इस विटामिन की अधिकता की वजह से आपके दिल की धड़कन बढ़ सकती है। इसके अलावा अगर आप किडनी से जुड़ी किसी बीमारी से जूझ रहे हैं, तो आपको विटामिन बी12 सप्लीमेंट लेने से बचना चाहिए।

## त्वचा के लिए हानिकारक

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक विटामिन बी12 की अधिकता, आपके शरीर के साथ-साथ आपकी त्वचा पर भी बुरा असर डाल सकती है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस विटामिन की अधिकता की वजह से आपको मुंहासों, खुजली और रैश जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अगर आपके शरीर में इस विटामिन की अधिकता है, तो आपको अपने डाइट प्लान में विटामिन बी12 से भरपूर खाने-पीने की चीजों को शामिल करने से बचना चाहिए।

# फंगल इंफेक्शन किस विटामिन की कमी से होता है?

क्या आपको भी बार-बार फंगल इंफेक्शन की समस्या से जूझना पड़ता है? अगर हां, तो हो सकता है कि आपके शरीर में किसी जरूरी पोषक तत्व की कमी पैदा हो गई हो। अगर किसी विटामिन की कमी के कारण आपको फंगल इंफेक्शन हो रहा है, तो आपको जल्द से जल्द इस विटामिन डेफिशिएंसी को दूर करने की कोशिश में जुट जाना चाहिए। आइए फंगल इंफेक्शन का कारण बनने वाले इस जरूरी पोषक तत्व के बारे में जानकारी हासिल करते हैं।

## विटामिन डी की कमी

विटामिन डी की कमी न केवल आपकी सेहत को बल्कि आपकी त्वचा को भी बुरी तरह से प्रभावित कर सकती है। अगर आपके शरीर में विटामिन डी की कमी पैदा हो गई है, तो आपको बार-बार फंगल इंफेक्शन हो सकता है। इसके अलावा इस जरूरी पोषक तत्व की कमी कैंडिड संक्रमण के खतरे को भी बढ़ा सकती है।


## विटामिन सी की कमी

विटामिन डी के अलावा विटामिन सी की कमी भी आपकी त्वचा की सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। विटामिन सी की कमी की वजह से आपके इम्यून सिस्टम पर भी बुरा असर पड़ता है जिसकी वजह से आपके फंगल इंफेक्शन को ठीक होने में भी ज्यादा समय लग सकता है।

## दूर करें डेफिशिएंसी

विटामिन डी और विटामिन सी की कमी को दूर करने के लिए आपको अपने डाइट प्लान में थोड़े-बहुत बदलाव करने की जरूरत है। विटामिन डी की कमी को दूर करने के लिए गाय का दूध, मशरूम, अंडे की जर्दी का सेवन किया जा सकता है। विटामिन सी रिच संतरा, किवी, ब्रोकली, टमाटर और शिमला मिर्च का सेवन कर आप इस विटामिन की कमी को दूर कर सकते हैं। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए खाने-पीने की इन चीजों को सही मात्रा में और सही तरीके से कंज्यूम करना बेहद जरूरी है।





# सुबह वॉक करने से पहले इन ज़रूरी बातों का रखें खास ध्यान

**सुबह के समय वॉक करने से दिनभर ताजगी का अनुभव होता है। सुबह की वॉक सिर्फ शारीरिक सेहत ही नहीं बल्कि मानसिक सेहत के लिहाज़ से भी बेहद फायदेमंद है। इसलिए अपने आप को फिट और ऊर्जा से भरपूर रखने के लिए लोग सुबह के समय वॉक करना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं सुबह की वॉक से पहले आपको इन कुछ जरूरी बातों का ख़ास ख्याल रखना चाहिए। अगर आप सुबह वॉक से पहले इन बातों का ध्यान नहीं रखेंगे तो फायदे की जगह आपके स्वास्थ्य को नुकसान हो सकता है।**

## वॉक से पहले पानी ज़रूर पिएं

जब आप उठते हैं तो आपके शरीर में पहले से ही पानी की कमी हो रही होती है। आप 6-8 घंटे तक एक घूंट भी पानी पिए बिना रह चुके होते हैं। इसलिए, बिना पानी पिए टहलने के लिए निकलना खतरनाक हो सकता है। अगर आपके शरीर में पहले से ही तरल पदार्थों की कमी है, तो पसीने की कमी से तेजी से डिहाइड्रेशन हो सकता है जिससे मांसपेशियों में ऐंठन, सिरदर्द और थकान हो सकती है। इसलिए सुबह उठते ही एक या दो गिलास पानी पिएँ।

## खाली पेट वॉक करने न जाएँ

कई लोगों को लगता है कि खाली पेट वॉक करने से वजन तेजी से कम होगा। जबकि ऐसा नहीं है, अगर आप भूखे पेट वॉक करने जाते हैं तो चक्कर या सिरदर्द महसूस हो सकता है। कम रक्त शर्करा के कारण कमजोरी, मतली या टहलने के दौरान बेहोशी भी महसूस हो सकती है। ऐसे में वॉक से पहले पूरा नाश्ता करने की ज़रूरत नहीं है। लेकिन कुछ हल्का फुल्का खाना ठीक रहेगा। जैसे एक केला, मुट्ठी भर भीगे हुए बादाम, टोस्ट का आधा टुकड़ा या एक छोटी सी फ्रूट स्मूदी।

## वार्म-अप ज़रूर करें

वॉक से पहले एक छोटा सा स्ट्रेच रूटीन आपके हेल्दी और फिट शरीर के लिए बेहद जरूरी होता है। इसलिए, भले ही आप सुबह के समय सिर्फ 30 मिनट ही वॉक क्यों न चल रहे हों। कम से कम 3-5 मिनट का वार्म-अप जरूर करें। वार्म अप में आप एड़ियों को घुमाएँ, हल्के से पैर के अंगूठे को छूएँ, कंधे को हिलाएँ और गर्दन को घुमाएँ।

## वॉक से पहले कैफीन का इस्तेमाल ज़्यादा न करें

वॉक से पहले कई लोग एक गर्म कप चाय या कॉफी पीना पसंद करते हैं। लेकिन वॉक से पहले कैफीन का सेवन करना नुकसानदायक हो सकता है। कुछ लोगों के लिए, खाली पेट कैफीन वॉक के दौरान एसिडिटी या पेट खराब होने का कारण बन सकता है। अगर, आप ऐसे व्यक्ति हैं जो चाय या कॉफी के बिना काम नहीं कर सकते, तो वॉक के बाद इसे पीने की कोशिश करें। इस तरह, पाचन क्रिया सक्रिय रहेगी, आप फिर से हाइड्रेट होंगे।

# शरीर को कमजोर बना सकती है प्रोटीन की कमी

अगर आपके शरीर में किसी भी पोषक तत्व की कमी पैदा हो जाए, तो सेहत से जुड़ी कई समस्याएं आपके शरीर पर हमला बोल सकती हैं। यही वजह है कि हेल्थ एक्सपर्ट्स अक्सर हेल्दी और बैलेंस्ड डाइट प्लान को फॉलो करने की सलाह देते हैं। प्रोटीन शरीर के लिए एक जरूरी तत्व है। आइए इस तत्व की कमी की वजह से शरीर में दिखाई देने वाले कुछ लक्षणों के बारे में जानते हैं।

थकान और कमजोरी

प्रोटीन की वजह से आप एनर्जेटिक महसूस करते हैं। अगर आपको हर समय थकान और कमजोरी महसूस होती रहती है, तो हो सकता है कि आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पैदा हो गई हो। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मसल पेन भी इसी पोषक तत्व की कमी का संकेत साबित हो सकता है।




ज्यादा भूख लगना

प्रोटीन की कमी की वजह से आपको ज्यादा भूख लग सकती है या फिर खाने के बाद भी पेट खाली लग सकता है। अगर आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पैदा हो गई है, तो आपके घाव भी धीरे-धीरे भर पाएंगे। प्रोटीन की कमी की वजह से आपको सडन वेट लॉस का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा अगर आपकी इम्यूनिटी कमजोर हो गई है और आप बार-बार बीमार पड़ जाते हैं, तो ये लक्षण भी प्रोटीन की कमी की तरफ इशारा कर सकता है।

गौर करने वाली बात - प्रोटीन की कमी न केवल आपके शरीर पर बल्कि आपकी त्वचा और आपके बालों पर भी नेगेटिव असर डाल सकती है। क्या आपकी त्वचा रूखी, फटी या फिर खुरदुरी हो गई है? अगर हां, तो हो सकता है कि आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पैदा हो गई हो। बाल झड़ना या फिर नाखून टूट जाना भी इस पोषक तत्व की कमी का संकेत हो सकता है।

# हाई यूरिक एसिड से जूझ रहे हैं, तो खाली पेट कर लीजिए इन चीजों का सेवन

## जोड़ों के दर्द से मिल जाएगी राहत

क्या आप जानते हैं कि जब आपके शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ जाती है, तो आपको जोड़ों में असहनीय दर्द और सूजन हो सकती है? यूरिक एसिड को कंट्रोल करने के लिए आपको अपने खान-पान पर खास ध्यान देने की जरूरत है। अगर आप खाली पेट सही मात्रा में पोषक तत्वों से भरपूर कुछ चीजों का सेवन करते हैं, तो आपको हाई यूरिक एसिड की समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

## फायदेमंद साबित होगा आंवला

दादी-नानी के जमाने से आंवला को सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता रहा है। यूरिक एसिड के स्तर पर काबू पाने के लिए आप आंवला को अपने डेली डाइट प्लान में शामिल कर लेना चाहिए। हर रोज सुबह खाली पेट एक आंवला खाएं या फिर गुनगुने पानी के साथ आंवला पाउडर को मिक्स कर कंज्यूम कर लें।

## पी सकते हैं नींबू का पानी

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक हाई यूरिक एसिड की समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप नींबू पानी का सेवन भी कर सकते हैं। विटामिन सी रिच नींबू पानी यूरिक एसिड को न्यूट्रल करने में कारगर साबित हो सकता है। सुबह-सुबह खाली पेट एक गिलास गुनगुने पानी में हाफ नींबू निचोड़कर पी जाएं और खुद-ब-खुद पॉजिटिव असर महसूस करें। अगर आप चाहें तो औषधीय गुणों से भरपूर इस ड्रिंक में पोषक तत्वों वाले शहद को भी मिक्स कर सकते हैं।

## अलसी के बीज फायदेमंद

क्या आप जानते हैं कि अलसी के बीज में पाए जाने वाले तत्व यूरिक एसिड की समस्या को दूर करने में कारगर साबित हो सकते हैं? एक स्पून अलसी के बीज को रात भर पानी में भिगोएं और फिर अगली सुबह पानी के साथ कंज्यूम कर लें। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए खाली पेट अलसी के बीज खाएं।



# थिएटर सबसे कम आंका जाने वाला माध्यम, एक्टर्स को ज्यादा सम्मान मिलना चाहिए




अभिनेत्री रश्मि देसाई ने थिएटर एक्टर्स की मेहनत और संघर्ष पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि थिएटर सबसे कम आंका जाने वाला माध्यम है, जहां कलाकार बहुत मेहनत करते हैं लेकिन उन्हें समय पर उनका हक नहीं मिल पाता। रश्मि देसाई का कहना है कि थिएटर ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया है। उन्होंने थिएटर को एक खूबसूरत और सीखने लायक माध्यम बताया है। अभिनेत्री ने आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में बताया, 'थिएटर एक्टर्स बहुत मेहनत करते हैं। उन्हें उनका हक समय पर नहीं मिलता। वे जिस तरह का मजा करते हैं, उनका एक छोटा सा परिवार होता है और वे उसी में खुश रहते हैं। उन्हें किसी और की तारीफ की जरूरत नहीं होती। उन्हें यह सुनने की जरूरत नहीं होती कि ठीक है, यह करो, वह करो।' रश्मि ने थिएटर कलाकारों की रिस्क लेने की क्षमता की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि थिएटर एक्टर्स रिस्क लेने के लिए तैयार रहते हैं। अगर कोई गलती हो जाए या असफलता हो तो भी उनके साथी उनका हाथ थाम लेते हैं और कहते हैं कि यह वक्त भी गुजर जाएगा। रश्मि के अनुसार, थिएटर सीखने का सबसे अच्छा माध्यम है जहां हर असफलता के बाद नई शुरुआत होती है।

अभिनेत्री ने थिएटर कलाकारों के लिए ज्यादा सम्मान की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'वे ज्यादा इज्जत के हकदार हैं। लोगों को थिएटर और थिएटर एक्टर्स के बारे में और जानना चाहिए। यह काम करने के लिए बहुत खूबसूरत माध्यम है।' रश्मि देसाई ने अपने थिएटर अनुभव पर खुशी जताते हुए कहा कि उन्हें इस बात का दुख है कि उन्होंने इतने लंबे समय बाद थिएटर किया। उन्होंने वैशाली, प्रतिमा, अयूब, ओजस रावल और आसिफ पटेल जैसे सह-कलाकारों और निर्देशकों का आभार व्यक्त किया। रश्मि ने उन्हें कमाल और बेहद पॉजिटिव लोग बताया। रश्मि देसाई का करियर साल 2006 में 'रावण' से शुरू हुआ। इसके बाद 'परी हूं मैं' में डबल रोल और 'उतरन' से उन्हें व्यापक लोकप्रियता मिली।



# संजय लीला भंसाली की फिल्म में धनुष ने किया राम चरण को रिप्लेस



संजय लीला भंसाली की फिल्मों का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहता है। कुछ समय पहले ऐसी खबरें आई थीं कि संजय लीला भंसाली की अगली पौराणिक जंगल ड्रामा में साउथ स्टार राम चरण प्रमुख भूमिका में नजर आ सकते हैं। लेकिन अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि संजय लीला भंसाली की इस फिल्म में राम चरण नहीं बल्कि, कोई और साउथ स्टार प्रमुख भूमिका में नजर आएगा।

वैरायटी इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, संजय लीला भंसाली के आगामी जंगल पर आधारित भव्य फिल्म में राम चरण नहीं बल्कि धनुष प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। ये संजय लीला भंसाली का एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। अब धनुष को इसके लिए फाइनल कर लिया गया है। इसका निर्माण संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शंस के बैनर तले किया जाएगा, जबकि तमिल फिल्म निर्माता पी.एस. मिथ्रन इसका निर्देशन करेंगे। मिथ्रन इरुम्बु थिरई, हीरो और सरदार जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं और इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे। खास बात यह है कि वो धनुष के साथ पहली बार काम करेंगे।

## स्क्रिप्ट में किए गए बदलाव

रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ कि पी.एस. मिथ्रन 'राउडी राठौर 2' पर काम कर रहे थे, लेकिन चूंकि यह प्रोजेक्ट फाइनल नहीं हो सका, इसलिए उन्होंने कई अन्य विकल्पों पर विचार करना शुरू किया। तभी इस फिल्म की कहानी सामने आई। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि कहानी को अंतिम रूप देने में कई बार बदलाव और सुधार करने पड़े, जो कुछ महीने पहले ही हुआ था। इसी दौरान उन्होंने मुख्य अभिनेता की तलाश शुरू की। राम चरण से बातचीत चल रही थी, लेकिन बात नहीं बनी, इसलिए धनुष को चुना गया। फिल्म की शूटिंग 2027 की शुरुआत में शुरू होने की संभावना है।

# दादा के रोल में नजर आएंगे जैकी श्रॉफ

जैकी श्रॉफ जल्द ही फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' में नजर आएंगे। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका निभा रहे हैं। जैकी श्रॉफ की फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' के निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका में नजर आएंगे। आज निर्माताओं ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है। इसी के साथ जानकारी दी है कि 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म इस साल 29 मई को रिलीज होगी। 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म का निर्देशन मनीष सैनी ने किया है। इसमें प्रतीक, स्मिता पाटिल, भाग्यश्री दासानी, शरत सक्सेना, मिहिर गोडबोले और कई कलाकार भी हैं। जैकी श्रॉफ ने कहा, 'इस फिल्म के जरिए हम हर बच्चे के सपने को पूरा कर रहे हैं। अगर आपका दिल हमेशा जवान रहे और 90 साल की उम्र में भी हिम्मत बनी रहे, तो यही आपको सुपरहीरो बनाता है। बच्चों के सपनों को हमेशा सबसे पहले जगह देनी चाहिए।'



# हॉलीवुड फिल्म 'बिफोर सनराइज' की वजह से 'एक दिन' को कहा हां



साउथ की दिग्गज अभिनेत्री साई पल्लवी ने आमिर खान प्रोडक्शन हाउस की फिल्म 'एक दिन' से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया है। इस फिल्म में वो आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ प्रमुख भूमिका में नजर आई हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाई नहीं कर पाई है। वहीं क्रिटिक्स से भी फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रियाएं ही हासिल हुई हैं। अब साई पल्लवी ने खुद बताया कि क्यों उन्होंने 'एक दिन' के लिए हां कहा और स्क्रिप्ट में उन्हें क्या चीज पसंद आई। आमिर खान टॉकीज के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर साई पल्लवी और जुनैद खान का एक वीडियो साझा किया गया है। इसमें दोनों कलाकार अपनी फिल्म 'एक दिन' के बारे में बातचीत कर रहे हैं। इस दौरान जब जुनैद ने साई से 'एक दिन' को हां करने के फैसले के बारे में पूछा, तो उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा यकीन था कि वह यह फिल्म नहीं करेंगी, क्योंकि वह कई भाषाओं में बड़ी-बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि फिल्म का पैमाना मुझे प्रभावित नहीं करता। उस समय तक मैंने कई गंभीर फिल्में की थीं और मैं कुछ हल्का-फुल्का करना चाहती थी। ऐसी फिल्म जिसमें मुझे शूटिंग के दौरान और बाद में भी ज्यादा तनाव न झेलना पड़े। इसलिए जब स्क्रिप्ट आई, तो मुझे लगा कि यह हॉलीवुड फिल्म 'बिफोर सनराइज' जैसी होगी। क्योंकि मुझे 'बिफोर सनराइज' पसंद है और मुझे लगा कि यह भी वैसी ही होगी।

फिल्म में अपनी कास्टिंग को गलत मानती हैं साई

साई ने यह भी बताया कि आमिर खान का इस प्रोजेक्ट से जुड़ना फिल्म को हां कहने का एक बड़ा कारण है। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं आमिर खान के करियर को करीब से देखती आ रही हूं। इसमें अलग-अलग तरह की फिल्में और किरदार हैं। इस दौरान साई ने खुलासा किया कि शुरुआत में मुझा लगा था कि 'एक दिन' में मुझे नहीं होना चाहिए था। मेरी कास्टिंग सही नहीं है। प्रीमियर के बाद जब आमिर ने साई से कुछ कहने को कहा, तो साई ने उनसे कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं इस भूमिका के लिए बनी थी और मुझे लगता है कि मेरी कास्टिंग गलत हुई है। मुझे लगता है कि यह भूमिका किसी नई एक्ट्रेस को मिलनी चाहिए थी, जिसमें थोड़ी सी चंचलता हो। हालांकि, जुनैद ने साई के इस विचार से असहमति जताते हुए कहा कि यह भूमिका उनके लिए ही बनी है।



# 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' से अंतरराष्ट्रीय सफर की शुरुआत करेंगी दिशा पाटनी

बॉलीवुड कलाकारों ने अंतरराष्ट्रीय फिल्मों और वेब सीरीज की दुनिया में अपनी खास जगह बनानी शुरू कर दी है। प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट के बाद अब अभिनेत्री दिशा पाटनी भी ग्लोबल मंच पर अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार हैं। उनकी पहली इंटरनेशनल मूवी 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। ट्रेलर में वह एक्शन करती नजर आ रही हैं। फिल्म 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' एक बड़ी काल्पनिक और रहस्यमयी दुनिया में ले जाती है। यह 'स्टेटिगार्ड्स वर्सेज होलीगार्ड्स' नाम की नई फिल्म सीरीज की पहली मूवी है। इस कहानी को लाडो ओखोटनिकोव ने तैयार किया है। फिल्म में दो प्राचीन शक्तियों के बीच संघर्ष दिखाया गया है। एक पक्ष दुनिया में नियम और संतुलन बनाए रखने की बात करता है, जबकि दूसरा पक्ष अलग सोच और अलग रास्ते पर चलता है। इसी संघर्ष के बीच दिशा पाटनी का किरदार जेसिका सामने आता है, जो पूरी कहानी का सबसे अहम हिस्सा है। फिल्म में जेसिका को एक ऐसी लड़की के रूप में दिखाया गया है, जिसका संबंध दोनों विरोधी पक्षों से है। वह दोनों गुटों के लीडर की बेटी है। यही वजह है कि उसे दो अलग-अलग दुनियाओं के बीच एक पुल माना जा रहा है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि दुनिया का भविष्य उसी के फैसले पर निर्भर होता है। ट्रेलर में कई ऐसे सीन्स हैं, जहां जेसिका अपनी शक्तियों को समझने और उन्हें कंट्रोल करने की कोशिश करती है। उसके सामने सिर्फ दुश्मनों से लड़ने की चुनौती नहीं होती, बल्कि खुद को पहचानने और सही रास्ता चुनने की भी बड़ी जिम्मेदारी होती है।

ट्रेलर में दिशा पाटनी का एक्शन अवतार सबसे ज्यादा ध्यान खींचता है। वह कई खतरनाक लड़ाई वाले सीन्स में नजर आती हैं। कभी तलवारों के साथ, तो कभी रहस्यमयी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए दिशा दिखाई देती हैं। इस फिल्म की एक और खास बात इसकी स्टार कास्ट है। दिशा पाटनी के साथ फिल्म में हॉलीवुड के कई बड़े कलाकार भी नजर आएंगे। इनमें केविन स्पेसी, डॉल्फ लुंडग्रेन और टायरेस गिब्सन जैसे नाम शामिल हैं। दिशा पाटनी ने इस फिल्म को लेकर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, 'मैं लंबे समय से इस ट्रेलर के रिलीज होने का इंतजार कर रही थी। पहली इंटरनेशनल मूवी में काम करना मेरे लिए एक साथ रोमांचक और डराने वाला अनुभव रहा। अलग-अलग देशों के कलाकारों के साथ काम करते हुए मुझे काफी कुछ सीखने को मिला।' दिशा ने कहा, ''मुझे हमेशा से एक्शन फिल्मों में काम करना पसंद रहा है। बॉलीवुड में मैंने जो अनुभव हासिल किया, अब उसे ग्लोबली दिखाने का मौका मिला है। यह मेरे करियर का बेहद खास पल है।''




# बैंकॉक शिफ्ट होने पर अविका गौर ने दी प्रतिक्रिया



**टीवी शो 'बालिका वधू' से लोकप्रिय होने वाली अभिनेत्री अविका गौर शादी के बाद अपने पति मिलिंद चंदवानी के साथ बैंकॉक में शिफ्ट हो गई हैं। हालांकि, उनका कहना है कि उन्होंने टेलीविजन या फिल्मों से ब्रेक नहीं लिया है। वो अपना काम करना जारी रखेंगी। उन्होंने कहा कि ये कदम मिलिंद के लिए बेहतर अवसरों को देखते हुए उठाया गया है, जबकि उनके खुद के काम के सिलसिले में मुंबई से बाहर लंबे शेड्यूल तय किए गए हैं।**

## हम हमेशा एक-दूसरे के करियर में साथ देते हैं

अविका गौर ने कहा कि हम बैंकॉक शिफ्ट हो गए हैं और वहां एक घर भी खरीद लिया है, जिसे मैं अपनी पसंद के हिसाब से सजा रही हूं। पिछले साल शादी से पहले सात साल तक रिलेशनशिप में रहने के दौरान कपल ने हमेशा एक-दूसरे के करियर में सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह मिलिंद ने लंबे शूटिंग शेड्यूल के दौरान उनका साथ दिया, उसी तरह वह भी उन्हें विदेश में अवसर तलाशने से रोकना नहीं चाहती थीं। हम हमेशा से एक-दूसरे की तरक्की में सहयोग करने में भरोसा रखते आए हैं। अगर मुझे कोई ऐसा प्रोजेक्ट मिलता है, जिसके लिए मुझे महीनों तक घर से दूर रहना पड़ता है, तो वह पूरी तरह से मेरा साथ देते हैं। इसी तरह मुझे नहीं लगता कि मुझे भी उनकी तरक्की में बाधा डालनी चाहिए।

## मैं अपने काम की वजह से यहां हूं

अपने करियर को लेकर जताई जा रही चिंताओं को दूर करते हुए अविका ने कहा कि जगह बदलने से उनकी प्रोफेशनल प्रियॉरिटीज में कोई बदलाव नहीं आया है। मुंबई में रहते हुए भी वह अक्सर शूटिंग के लिए हैदराबाद, राजमुंद्री और विशाखापत्तनम जैसे शहरों का सफर करती रहती थीं। एक्ट्रेस ने कहा कि मुझे एहसास हुआ कि जरूरी नहीं कि मुंबई ही मेरा ठिकाना हो। मैं काम के सिलसिले में नियमित रूप से भारत आती-जाती रहती हूं। मेरी प्राथमिकता हमेशा मेरी प्रतिबद्धताएं रहेंगी क्योंकि इन्हीं की वजह से मैं आज इस मुकाम पर हूं।

## दोस्तों ने किया समर्थन

अविका ने इस कदम के कारण प्रोजेक्ट छूटने की चिंताओं को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि काम आमतौर पर उनके शेड्यूल के अनुसार ही होता है और सहयोग आपसी प्रयासों पर निर्भर करता है। जब कोई मेरे साथ काम करना चाहता है, तो उसे यह प्रयास करना चाहिए। इंडस्ट्री के मेरे साथियों ने भी मेरे इस फैसले का समर्थन किया है। एक्ट्रेस ने कहा कि भले ही मेरा ठिकाना अब विदेश में है, लेकिन मेरी जड़ें भारत में ही मजबूती से टिकी हैं।

## 'खतरों के खिलाड़ी' में नजर आएंगी अविका

वर्कफ्रंट की बात करें तो अविका गौर जल्द ही 'खतरों के खिलाड़ी' के नए सीजन में नजर आएंगी। जल्द ही इस रियलिटी शो की शूटिंग भी शुरू होने वाली है। इस शो को एक बार फिर निर्देशक रोहित शेट्टी ही होस्ट करेंगे।




स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com